दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। सोमवार 12 मई-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 142 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3







### भारत की तीनों सेनाओं के डायरेक्टर जनरल ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# हमने ऑपरेशन सिंदूर में सीमा पार 100 से ज्यादा आतंकियों को ढेर किया : डीजीएमओ



### प्रेस कांफ्रेंस में डीजीएमओ ने बताई मुख्य बातें :

- सेना ने आतंकी हमले का दिया है जवाब,पाक और पीओके में आतंकियों और उनके ढांचे को किया नेस्तनाबूद
- भारतीय वायु सेना ने चिन्हित किए गए सभी 9 आतंकी ठिकानों को सटीक निशाना साधकर बर्बाद किया
- मुरीदके में लश्कर का आतंकी कैंप किया बर्बाद, बहावलपुर में जैश का मुख्यालय तबाह किया
- भारतीय वायुसेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के सभी हमले नाकाम किए
- भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 अफसरों-जवानों की मौत
- पाकिस्तान के हमले में भारतीय वायु सेना के किसी एयरबेस को कोई नुकसान नहीं पहुंचा
- भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस और थल सेना प्रतिष्ठानों पर सफलतापूर्वक हमला किया
- एलओसी पर गोलाबारी में करीब 40 पाकिस्तानी सैनिक मार गिराए
- आईएएफ ने पाकिस्तान के 3 एयर डिफेंस सिस्टम बर्बाद किए, दो एयरबेस का रनवे किया तबाह

**नई दिल्ली।** भारत द्वारा हाल ही में किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' और पाकिस्तान के साथ तनाव को लेकर एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। कॉन्फ्रेंस की शुरूआत शिवतांडव की धुन से हुई। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय थल सेना के महानिदेशक सैन्य अभियान (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, भारतीय वायु सेना के महानिदेशक वायु अभियान एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती और भारतीय नौसेना के महानिदेशक नौसेना अभियान (डीजीएमओ) वाइस एडमिरल एएन प्रमोद शामिल हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय थल सेना के महानिदेशक सैन्य अभियान (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' का उद्देश्य केवल आतंकियों का खात्मा था। उन्होंने बताया कि इस अभियान में 100 आतंकवादी मारे गए और उनके ठिकानों को नष्ट करने के प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए। लेफ्टिनेंट जनरल घई ने यह भी बताया कि मुदस्सर खार, हाफिज जमील और यूसुफ अजहर जैसे तीन प्रमुख आतंकियों को इस कार्रवाई में ढेर किया गया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय थल सेना के महानिदेशक सैन्य अभियान (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की योजना पहलगाम में भारतीय नागरिकों पर हुए हमले के बाद बनाई गई। इस ऑपरेशन का स्पष्ट सैन्य उद्देश्य आतंकवादियों और उनके ठिकानों को तबाह करना था।

उन्होंने बताया कि भारतीय एजेंसियों ने सीमा पार आतंकी कैंपों की गहराई से पहचान की, जिनमें से कई ठिकाने पहले ही खाली कर दिए गए थे। हालांकि, नौ ऐसे ठिकाने मिले जिन्हें सक्रिय माना गया। इनमें से कुछ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और कुछ पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित थे, जैसे मुरीदके, जो कसाब और डेविड हेडली जैसे आतंकियों से जुड़ा रहा है। जनरल घई ने बताया कि इस ऑपरेशन में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए, जिनमें यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदस्सिर अहमद जैसे हाई वैल्यू टारगेट शामिल हैं। ये आतंकी आईसी 814 हाइजैक और पुलवामा हमले से जुड़े थे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय वायु सेना के महानिदेशक वायु अभियान एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने कहा कि हालात कठिन हैं, हम यह प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करना चाहते थे, लेकिन यह जरूरी हो गया था। भारतीय वायुसेना ने मुरीदके और बहावलपुर जैसे आतंकी ठिकानों पर हमला किया। ये दोनों स्थान अंतरराष्ट्रीय सीमा से काफी अंदर थे।

### रक्षा मंत्री ने लखनऊ में ब्रह्मोस टेस्टिंग फैसिलिटी का वर्चुअली किया उद्घाटन

# 'ब्रह्मोस मिसाइल नहीं, दुश्मन के लिए संदेश है', बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह




**लखनऊ।** भारत और पाकिस्तान के बीच कई दिनों तक चले सैन्य संघर्ष और शनिवार को युद्ध विराम की घोषणा के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का वर्चुअली उद्घाटन किया। इससे भारत के सैन्य शस्त्रागार को एक बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम में नहीं आने के लिए माफी मांगता हूं। अभी मेरा दिल्ली में रहना जरूरी है। किसी भी स्थिति में देश चलता रहेगा। देश चलता रहेगा, काम नहीं रुकेगा। डिफेंस सेक्टर में यूपी आगे बढ़ रहा है। ब्रह्मोस दुश्मनों पर कहर बरपाती है। हम लक्ष्य को पूरा करेंगे।

आज जिस ब्रह्मोस फैसिलिटी का उद्घाटन हम कर रहे हैं, इस फैसिलिटी की शुरूआत से ही लगभग 500 डायरेक्ट और 1000 इनडायरेक्ट रोजगार पैदा हुए हैं। यह भी कहीं न कहीं उस इकोसिस्टम के कारण ही संभव हो पाया है, जो योगीजी ने यहां डेवलप किया है।

आर्म्स एंड इक्विपमेंट का बड़ा बाजार हमारी राह देख रहा है। इसलिए हमें बेहद मजबूती से भारत को दुनिया के लिए एक आकर्षक डिफेंस प्रोडक्ट हब के रूप में विकसित करने की ओर आगे बढ़ना होगा। आज का दिन, उस विचार की तरफ बढ़ाया गया, हमारा एक और ठोस कदम है। हमारे लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अर्थ बहुत व्यापक है। हम इस विचार के साथ आगे बढ़ रहे हैं, कि हमें खुद के लिए तो आर्म्स एंड इक्विपमेंट बनाना ही है, साथ ही साथ हमें पूरी दुनिया को एक्सपोर्ट भी करना है

ब्रह्मोस मिसाइल, जो भारत और रूस के संयुक्त उद्यम का नतीजा है, दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। इसकी मारक क्षमता 290-400 किलोमीटर और गति मैक 2।8 (ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना) है। यह मिसाइल जमीन, हवा और समुद्र से लॉन्च की जा सकती है और ह्यफायर एंड फॉरगेटह्न सिद्धांत पर काम करती है, जिससे यह दुश्मन के रडार से बचकर सटीक निशाना लगा सकती है।

भारतीय सेनाओं ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचा ढहाने के उद्देश्य से लॉन्च किया था। हमने उनके आम नागरिकों को कभी निशाना नहीं बनाया था। मगर पाकिस्तान ने न केवल भारत के नागरिक इलाकों को निशाना बनाया बल्कि मंदिर, गुरुद्वारा और गिरिजाघर पर भी हमले करने का प्रयास किया।

'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ.एक सैन्य कार्रवाई भर नहीं है, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है। यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति का और सैन्य शक्ति की क्षमता और संकल्प शक्ति का भी प्रदर्शन है।

### 'ब्रह्मोस की ताकत आपने ऑपरेशन सिंदूर में देखी होगी, नहीं देखी तो किसी पाकिस्तानी से पूछ लेना', गरजे सीएम योगी

यूपी की राजधानी लखनऊ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डिफेंस इंड्यूटियल कॉरिडोर में ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रोडक्शन यूनिट का वर्जुअली उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल थे। इस यूनिट को हर साल 80 से 100 मिसाइलों के प्रोडक्शन के लिए डिजाइन किया गया है। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि आतंकवाद कुत्ते की पूंछ है, जो कभी सीधी नहीं होगी। उसको उसी भाषा में जवाब देना होगा। हमने ब्रह्मोस मिसाइल के लिए दो सौ एकड़ जमीन दी। अब यहां ब्रह्मोस बनना शुरू होगा। ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत आपने ऑपरेशन सिंदूर में देखी होगी, अगर




नहीं देखी तो पाकिस्तान वालों से पूछ लो कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत क्या है? उन्होंने कहा कि आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि कोई भी आतंक घटना अब युद्ध मानी जाएगी और याद रखना आतंकवाद को जब तक हम पूरी तरह कुचलेंगे नहीं, तब तक समस्या का समाधान नहीं होगा।

# युद्ध विराम के इस निर्णय को क्यों लिया गया, बताना अच्छा रहेगा : बालेश्वर त्यागी



> आचार्य रजनीश का कथन कि अगर ध्यान से युद्ध टल सकते होते तो महाभारत कभी नहीं होता। एक तरह से हम भी युद्धोन्माद से ग्रसित थे।

> युद्ध विराम की घोषणा अच्छी तो लगी क्योंकि मैंने कारगिल युद्ध में अपने जनपद के तीन शहीद सैनिकों के शव उनके घर आने पर होने वाले विलाप को देखा है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार शाम घर पर बैठा था, बेटे ने आकर कहा कि युद्ध विराम हो गया है। तुरंत टीवी खोलकर इसकी सच्चाई जानने का प्रयास किया। तो भारत के विदेश सचिव के वक्तव्य से पता चला कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से फोन पर बात की और दोनों की चर्चा के बाद शाम 5 बजे से युद्ध विराम की घोषणा हो गई। कल तक तो हम तर्क दे रहे थे कि युद्ध अनिवार्य है। पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना चाहिए जो भविष्य में फिर कभी दुस्साहस न कर सके। हमने अपनी एफबी पोस्ट पर आचार्य रजनीश का कथन कि अगर ध्यान से युद्ध टल सकते होते तो महाभारत कभी नहीं होता। एक तरह से हम भी युद्धोन्माद से ग्रसित थे।

घर में एक कार्यक्रम है, उसमें शामिल होने के लिए पौत्र ने पुणे से घर आने के लिए हवाई टिकट करा रखा था। शनिवार की ही तो बात है उसे फोन करके ट्रेन से भी टिकट कराने के लिए कहा ताकि युद्ध के कारण फ्लाइट निरस्त होने की स्थिति में समय से घर आना संभव हो सके। कल ही प्रदेश सरकार के माननीय मंत्री सुनील शर्मा से चर्चा हो रही थी उनका भी मत था कि अब थल सेना के द्वारा आक्रमण करके आगे बढ़ने के बजाय, मिसाइलों से ही युद्ध लड़ने की संभावना बन रही है। और युद्ध लंबा बढ़ने की स्थितियां बन सकती हैं।

ऐसे ऊहापोह के बीच युद्ध विराम की घोषणा अच्छी तो लगी क्योंकि मैंने कारगिल युद्ध में अपने जनपद के तीन शहीद सैनिकों के शव उनके घर आने पर होने वाले विलाप को देखा है। घर के आंगन में रखे बेटे या पति के शव पर माता पिता /पत्नी के विलाप को देखा है। छोटे छोटे बच्चों के सिर से उठे साए के परिणामों को अनुभव किया है। युद्ध की विभीषिका का कुछ कुछ अनुमान मन को डराता है। इसलिए युद्ध विराम को एक उपलब्धि के रूप में स्वीकार करने में कोई कठिनाई नहीं हुई। लेकिन उसके बाद रात होते-होते युद्ध विराम के उल्लंघन के टीवी समाचारों ने जरूर बेचैन किया।

सुबह-सुबह स्टेडियम में सैर के समय एक दैनिक भ्रमण करने वाले एक साथी ने बधाई दी। मेरे द्वारा बधाई का कारण पूछने पर उसने कहा कि आपकी सरकार ने युद्ध जीत लिया, इसकी बधाई। उनकी यह बधाई सदिच्छा से प्रेरित न होकर व्यंग्य से भरी थी।

मैं उनके मनोभावों को समझ सकता हूं। जिनको मोदी जी का कोई यश अच्छा नहीं लगता लेकिन कुछ ऐसे भी व्यक्ति हैं जिनको सच में अचानक हुए युद्ध विराम का औचित्य समझ नहीं आ रहा है। सोशल मीडिया की मनगढ़ंत बातों के बजाय युद्ध विराम के कारणों और उन परिस्थितियों की जानकारी जिनके कारण इस निर्णय को लिया गया है, बताना अच्छा रहेगा। नहीं तो मनगढ़ंत जानकारियों के आधार धारणा बनाना उचित नहीं रहेगा।

### पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जल्द बदलेगी थानों के मालखाने की दशा

# सामान का बनेगा पूरा रिकॉर्ड और डाटा रहेगा ऑनलाइन अपडेट

### - चंडीगढ़ की एक कंपनी कर रही है इस पर काम
### - कानपुर कमिश्नरेट में सक्सेसफुल रहा है मालखाना अपडेट प्रोग्राम

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश पुलिस जहां आधुनिकरण पर जोर दे रही है। तो वहीं वह अपने तमाम सिस्टम को अपडेट करने के साथ ही कंप्यूरिकृत भी कर रही है। इसी कड़ी में आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत सभी थानों के मालखाने अपडेट और उनको बेहतर बनाकर ऑनलाइन रिकॉर्ड के साथ तैयार किया जाएगा। साथ ही मालखाने में रखे जाने वाला कीमती सामान और अन्य महत्वपूर्ण माल इधर-उधर ना हो, इसके लिए बाकायदा उनकी नंबरिंग और डाटा फीडिंग भी की जाएगी। कानपुर में इस पर काम शुरू हो गया है। इस व्यवस्था को सुधारने और बेहतर बनाने की जिम्मेदारी



चंडीगढ़ की कंपनी को मिली है। जो इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन और ट्रांस हिंडन के थानों में मालखाने की नाप ले रहे हैं। वहां क्या समान है, कितनी क्षमता है और क्या-क्या अपडेट है, इसकी लिस्ट तैयार की जा रही है।

### क्या होता है पुलिस थाने का माल खाना

करंट क्राइम : थाने में मालखाना वह जगह है, जहां पुलिस द्वारा किसी मामले में जब्त की गई संपत्ति, जैसे वाहन, गहने, दस्तावेज, आदि को रखा जाता है। इसे मालखाना कहा जाता है, जिसका अर्थ है माल का घर या भंडारगृह यह संपत्ति को सुरक्षित रखने और जांच के दौरान इसका उपयोग करने के लिए होता है। मालखाना पुलिस स्टेशन में एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो न्यायिक कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



### मसूरी में हुई थी शुरुआत पर आगे नहीं बनी बात

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम बनने से पूर्व ही वर्ष 2022 मार्च में मसूरी थाना मेरठ जोन का पहला डिजिटल मलखाना बनाने वाला थाना बना था, लेकिन इस थाने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अन्य थानों में सफलतापूर्वक अपनाया नहीं गयाा और यह व्यवस्था यहीं तक समाप्त हो गई। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नए कमिश्नर के आने के बाद इस व्यवस्था को सभी थानों में शुरू करने की ओर ध्यान दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि जल्द इस ओर महत्वपूर्ण कदम उठाकर इसे पूरे कमिश्नरेट में लागू कर दिया जाएगा।

### रहेगा समान का पूरा रिकॉर्ड, पुलिसकर्मियों पर नहीं लगे चोरी का आरोप

करंट क्राइम : मालखाना व्यवस्थित रिकॉर्ड वाला और नियमानुसार बनाने के पीछे पुलिस के अधिकारियों का मकसद है कि मालखाने में जो भी सामान जमा हो, उसका पूरा डिजिटल रिकॉर्ड हो। साथ ही वह किस स्थिति में है, इसकी भी जानकारी उसमें अपडेट हो। वहीं हर कोई इसको खोल ना सके और इसमें प्रवेश न कर पाए। इसकी भी व्यवस्था करने की अधिकारियों और बनाने वाली कंपनी द्वारा ध्यान रखा जा रहा है ताकि पुलिसकर्मियों पर भी किसी प्रकार के गंभीर आरोप ना लगें। बता दें की कुछ माह पूर्व पुलिस कानपुर कमिश्नरेट में एक थाने के मालखाने से चोरी के मामले ने सनसनी मचा दी थी। बाद में इस मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा भी दर्ज हुआ था।






# भारत ने साफ किया, 'हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं'

**नई दिल्ली।** भारत ने साफ किया आतंकियों को सौंपने के अलावा हम किसी अन्य मुद्दे पर बात नहीं करेंगे। कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है, अब केवल एक ही मुद्दा बचा है- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस करना। इसके अलावा और कोई बात नहीं है। अगर वे आतंकवादियों को सौंपने की बात करते हैं, तो हम बात कर सकते हैं। मेरा किसी और विषय पर कोई इरादा नहीं है। हम नहीं चाहते कि कोई मध्यस्थता करे। हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।

**पीएम मोदी का सेना को सख्त निर्देश, 'वहां से गोली चलेगी तो यहां से गोला चलेगा' :** प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों सेनाओं और सुरक्षा बलों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि 'वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा'। यानी अब भारत रक्षात्मक नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक नीति अपनाएगा। सूत्रों ने यह भी बताया कि पाकिस्तान को यह समझना होगा कि अब पुराने तरीके से काम नहीं चलेगा। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से साफ कहा था कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है तो जवाब और भी विनाशकारी और कड़ा होगा। उसी रात पाकिस्तान ने 26 ठिकानों पर हमला किया और भारत ने इस पर जोरदार जवाबी कार्रवाई की।



**सीमा पर क्या हो रहा है ? :** सूत्रों का कहना है कि, भारत और पाकिस्तान के बीच कोई राजनयिक वार्ता फिलहाल नहीं हो रही है। सिर्फ दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों डायरेक्टर जनरल्स ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स (डीजीएमओ) के बीच संपर्क हुआ है ताकि सीमा पर स्थिति को संभाला जा सके। इसके साथ ही भारत का संदेश बिल्कुल साफ है- अब अगर पाकिस्तान गोली चलाएगा, तो भारत दोगुनी ताकत से जवाब देगा।

और जब तक पीओके का मुद्दा हल नहीं होता, तब तक कोई भी बातचीत, मेल-मिलाप या समझौता संभव नहीं है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं- सरकार

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच सरकारी सूत्रों ने साफ कर दिया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अब भी जारी है। यह कोई एक दिन की कार्रवाई नहीं थी, बल्कि अब इसे भारत-पाक रिश्तों का नया दौर कहा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह स्थिति अब स्थायी रूप से बनी रहेगी और दुनिया को इसे 'नए सामान्य' की तरह स्वीकार करना होगा।

# 86 घंटे और 55 मिनट तक चला भारत-पाक संघर्ष

## सीजफायर के सिर्फ चार घंटे बाद पलटा पाकिस्तान, संशय अब भी बरकरार

**भारत-पाकिस्तान ने चार दिन के संघर्ष के बाद संघर्ष विराम का एलान किया, लेकिन कुछ घंटे बाद ही सीमा पर फिर से गोलीबारी और सीमावर्ती जिलों में ड्रोन घुसपैठ से हालात फिर से बिगड़ते दिखे। भारत ने सेना को किसी भी कार्रवाई का उसी तरीके से जवाब देने का आदेश दिया है। फिलहाल संघर्ष विराम पर संशय बरकरार है।**

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिन तक चले जबरदस्त संघर्ष के बाद शनिवार शाम दोनों देशों ने आपसी सहमति से गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने का एलान किया। लेकिन कुछ ही घंटों बाद सीमा पर हुए धमाकों और ड्रोन की गतिविधियों ने पाकिस्तान के इरादों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इससे पहले भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शाम 6 बजे से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह घोषणा की कि दोनों देशों के सैन्य ऑपरेशन रोक दिए गए हैं।


दोनों देशों के संघर्ष विराम एलान से पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इसे लेकर पोस्ट किया और पूरा श्रेय लेने का प्रयास किया। जबकि भारत ने साफ शब्दों में कहा कि- ये संघर्ष विराम सिर्फ दो देशों के बीच बातचीत के बाद लिया गया है।

लेकिन रात करीब 11 बजे विदेश सचिव विक्रम मिस्री को दोबारा प्रेस वार्ता कर यह बताना पड़ा कि पाकिस्तान ने शाम होते-होते संघर्ष विराम का उल्लंघन कर दिया और भारतीय सेना ने इसका माकूल जवाब दिया।

### भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिन की भीषण झड़प

बीते चार दिन की झड़प कई दशकों में भारत और पाकिस्तान के बीच सबसे खतरनाक टकराव रही। आशंका थी कि यह तनाव कहीं बड़ी सैन्य जंग में न बदल जाए। बता दें कि, भारत ने सात मई को ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया था।




### अमेरिका ने लिया श्रेय, भारत ने किया खंडन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता से यह समझौता हुआ। लेकिन भारत ने इसे खारिज करते हुए कहा कि यह फैसला दोनों देशों के बीच सीधे बातचीत से हुआ है, किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं रही। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी कड़ी नीति पर कायम है और इसमें कोई समझौता नहीं किया जाएगा। भारत ने ये भी साफ किया कि पाकिस्तान के खिलाफ पहले से लागू कड़े कदम जैसे सिंधु जल संधि का निलंबन, अटारी बॉर्डर को बंद करना और राजनयिक रिश्तों में कटौती जारी रहेंगे।

### संघर्ष विराम पर भी बना संदेह

हालांकि दोनों देशों के ह्यडायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्सह्न (डीजीएमओ) के बीच बात कर यह तय हुआ कि शाम पांच बजे से दोनों देश जमीनी, हवाई और समुद्री सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोक देंगे। लेकिन शाम होते-होते पंजाब, गुजरात, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में ड्रोन देखे जाने की खबरें आईं, इसके साथ ही सीमावर्ती इलाकों में धमाकों की कई आवाजें भी सुनी गईं। भारतीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान ने संघर्ष विराम की आड़ में फिर से उकसावे वाली हरकतें शुरू कर दी हैं। हालांकि, भारत ने फिलहाल कोई बड़ा जवाबी हमला नहीं किया, ताकि हालात और न बिगड़ें। वहीं पाकिस्तान की इस हरकत से संघर्ष विराम पर संशय बना हुआ है।

### भारत की मुंहतोड़ कार्रवाई से पाकिस्तान को हुआ भारी नुकसान

भारतीय सेना की संयुक्त प्रेस वार्ता में बताया गया कि पाकिस्तान को इस लड़ाई में भारी नुकसान हुआ है। उसके कई अहम एयरबेस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। पाकिस्तान की हवाई सुरक्षा कमजोर हो गई है और उसके सैन्य ढांचे को बड़ा झटका लगा है। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के रफीकी, मुरिद, चकला, रहीम यार खान, सुक्कुर, चूनियां, पसरुर और सियालकोट में मौजूद सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए। सेना ने कहा कि पाकिस्तान की हर उकसावे की कार्रवाई का भारत ने जोरदार जवाब दिया है और आगे भी देगा। इस दौरान भारतीय सेना ने ये भी बताया कि पाकिस्तान की तरफ से किए गए सभी दावे झूठे हैं और वो एक प्रोपेगेंडा के तहत भारत के सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाने की बात कहकर झूठ फैलाने में जुटा हुआ है।

भारत की यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में थी, जिसमें 26 पर्यटकों की निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने लड़ाकू विमानों, ड्रोन और मिसाइलों से भारत के सैन्य ठिकानों और नागरिक इलाकों को निशाना बनाया।

इसके जवाब में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के आठ सैन्य ठिकानों को एयर स्ट्राइक कर भारी नुकसान पहुंचाया।

### भारत सतर्क लेकिन संयमित

भारतीय सेना और वायुसेना अधिकारियों ने कहा कि भारत संघर्ष विराम का पालन करेगा, लेकिन किसी भी हरकत का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने दोहराया कि पाकिस्तान की हर दुस्साहसिक कोशिश को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अब तक भारत ने संयम बरतते हुए अपनी कार्रवाई को जिम्मेदारी से अंजाम दिया है।

# 'आगे मौका नहीं मिलेगा' सीजफायर पर पूर्व सेना प्रमुखों और विश्लेषकों ने दी अपनी राय

**भारत की ताबड़तोड़ जवाबी कार्रवाई से सहमे पाकिस्तान ने 10 मई को भारत के सामने संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा, जिसे लागू भी किया। हालांकि, कुछ घंटे बाद पाकिस्तान ने इसका उल्लंघन भी किया। इस बीच संघर्ष विराम को लेकर कई प्रतिकियाएं सामने आई हैं। कई पूर्व सेना प्रमुखों और रक्षा विशेषज्ञों ने इस फैसले पर असहमति जताई है।**

'हम घटना आधारित प्रतिक्रिया नहीं कर सकते और आतंकी हमलों में जान नहीं गंवा सकते। यह तीसरा हमला है, भविष्य में कोई और मौका नहीं है।'



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले संघर्ष के बाद 10 मई की शाम पांच बजे संघर्ष विराम लागू हो गया है। वहीं इस संघर्ष विराम पर तमाम पूर्व सेना प्रमुखों और रक्षा विशेषज्ञों ने अपनी अलग राय रखी है। बता दें कि, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकियों पर कार्रवाई करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च किया था। जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव दो दशक बाद चरम पर पहुंच गए हैं।

### भविष्य में कोई और मौका नहीं है- मनोज नरवणे



भारतीय सेना के पूर्व सेनाध्यक्ष मनोज एम नरवणे ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा- जमीन, समंदर और हवाई सैन्य अभियानों का बंद होना एक बहुत ही स्वागत योग्य घटनाक्रम है। हालांकि हमें स्थायी दीर्घकालिक समाधान तक पहुंचने के लिए अन्य मोर्चों पर दबाव बनाए रखना चाहिए। हम घटना आधारित प्रतिक्रिया नहीं कर सकते और आतंकी हमलों में जान नहीं गंवा सकते। यह तीसरा हमला है, भविष्य में कोई और मौका नहीं है।

### भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख वेद मलिक का सवाल



वहीं भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख वेद मलिक ने भी अपने एक्स हैंडल पर किए गए एक पोस्ट में लिखा- युद्ध विराम 10 मई 25 : हमने भारत के भविष्य के इतिहास को यह पूछने के लिए छोड़ दिया है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तानी भीषण आतंकी हमले के बाद उसकी कार्रवाइयों से क्या राजनीतिक-रणनीतिक लाभ, यदि कोई हो, हासिल हुआ।

## 'जीत के मुंह से हार छीनना भारत के राजनीति की परंपरा' : ब्रह्मा चेलानी

वहीं इस पर रक्षा विश्लेषक ब्रह्मा चेलानी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'जीत के मुंह से हार छीनना लंबे समय से भारतीय राजनीतिक परंपरा रही है। अपने एक्स हैंडल पर उन्होंने कुछ उदाहरण भी साझा किए हैं।

- 1948 : भारत जम्मू और कश्मीर के मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाता है और फिर जब भारतीय सेना जीत की ओर बढ़ रही होती है, तो युद्ध विराम पर सहमत हो जाता है।
- 1954 : बिना किसी बदले के, भारत तिब्बत में अपने अतिरिक्त क्षेत्रीय अधिकारों को छोड़ देता है और 'चीन के तिब्बत क्षेत्र' को मान्यता देता है।
- 1960 : भारत ने सिंधु बेसिन के पानी के चार-पांचवें हिस्से को अपने दुश्मन पाकिस्तान के लिए सुरक्षित रखने के लिए एक संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1966 : भारत ने 1965 के युद्ध की शुरूआत करने वाले पाकिस्तान को अत्यधिक रणनीतिक हाजी पीर लौटा दिया, जो बाद में पाकिस्तान के लिए भारत में आतंकवादियों की घुसपैठ करने का लॉन्चपैड बन गया।
- 1972 : शिमला में, भारत ने पाकिस्तान से बदले में कुछ भी हासिल किए बिना वार्ता की मेज पर अपने युद्ध लाभ को दे दिया।



- 2021 : चीन की तरफ से लद्दाख की प्रमुख सीमा पर 2020 में किए गए गुप्त अतिक्रमण के बाद, भारत ने रणनीतिक कैलाश हाइट्स को खाली कर दिया, ये पहाड़ियां इतनी अहम थीं कि भारत के पास चीन से बातचीत में दबाव बनाने का एकमात्र मजबूत कार्ड थीं और फिर लद्दाख के कुछ क्षेत्रों में चीन की तरफ से डिजाइन किए गए 'बफर जोन' पर सहमति व्यक्त की।
- 2025 : आतंकवादी प्रॉक्सी के माध्यम से पाकिस्तान के चार दशक लंबे 'हजारों घावों वाले युद्ध' को समाप्त करने के लिए, भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, लेकिन बिना किसी स्पष्ट उद्देश्य को हासिल किए इसे तीन दिन बाद ही रोक दिया गया।

# विपक्ष ने की संसद के विशेष सत्र की मांग

## ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर को लेकर चर्चा करे सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने की मांग की है। यह मांग पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, और भारत-पाकिस्तान के बीच हाल ही में घोषित सीजफायर को लेकर चर्चा के लिए की गई है।

राहुल गांधी ने अपने पत्र में कहा कि इन गंभीर राष्ट्रीय मुद्दों पर संसद में चर्चा जरूरी है ताकि देश की जनता और उनके प्रतिनिधियों को स्थिति की पूरी जानकारी मिल सके। उन्होंने लिखा, पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, और सीजफायर पर चर्चा करना लोगों के लिए बहुत जरूरी है। यह हमारी एकजुटता और सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करने का अवसर होगा।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी अपने पत्र में इस मांग को दोहराया। उन्होंने लिखा, 28 अप्रैल 2025 को विपक्ष के नेताओं ने पहलगाम हमले के मद्देनजर विशेष सत्र की मांग की थी। अब ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर की घोषणा के बाद यह मांग और प्रासंगिक हो गई है। खरगे ने यह भी उल्लेख किया कि सीजफायर की घोषणा सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की थी, जिस पर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं।

### सरकार जल्द से जल्द सत्र बुलाए : खरगे

खरगे ने कहा, हम चाहते हैं कि सरकार इस मांग पर गंभीरता से विचार करे और जल्द से जल्द सत्र बुलाए। ऑपरेशन सिंदूर, जो 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में 28 नागरिकों की हत्या के जवाब में शुरू किया गया था, के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किए।

# अमृतसर में रेड अलर्ट खत्म

## जल्द शुरू होंगी सामान्य गतिविधियां



**अमृतसर।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, अमृतसर के जिला कलेक्टर ने रेड अलर्ट जारी किया था, जिसमें निवासियों से घर के अंदर रहने और खिड़कियों से दूर रहने का आग्रह किया गया था। अब अमृतसर प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में रेड अलर्ट खत्म हो गया है और जल्द शुरू होंगी सामान्य गतिविधियां भी शुरू हो जाएगी। बता दें रेड अलर्ट के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि हमने जनता कि सुविधा के लिए बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है। अब सायरन बजेगा, जो इस रेड अलर्ट का संकेत देगा। जनता से अपील करते हुए कहा गया था कि अपने घर से बाहर न निकलें, घर के अंदर रहें और खिड़कियों से दूर रहें।

बता दें कि इससे पहले, सुबह 4:39 बजे, जिला कलेक्टर ने निवासियों को लाइट बंद रखने और खिड़कियों, सड़कों, बालकनियों या छतों के पास जाने से बचने की सलाह दी थी। अमृतसर डीसी ने एक बयान में कहा कि बहुत सावधानी बरतते हुए, कृपया लाइट बंद करके घर के अंदर रहें और खिड़कियों से दूर रहें। कृपया सड़क, बालकनी या छत पर न जाएं। घबराएं नहीं। हम आपको बताएंगे कि हम कब सामान्य गतिविधियाँ फिर से शुरू कर सकते हैं। इस बीच, भारत ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान ने गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच दिन में बनी सहमति का उल्लंघन किया है और भारतीय सेना जवाबी कार्रवाई कर रही है तथा सीमा पर घुसपैठ से निपट रही है।

# कांग्रेस ने ट्रंप के 'सीजफायर' एलान पर कड़ी आपत्ति जताई

## द्विपक्षीय मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय बनाने का प्रयास

**राजेश पायलट ने 1971 के युद्ध और अमेरिका के दबाव के बावजूद इंदिरा गांधी के साहसिक फैसले को याद किया। कहा, उन्होंने राष्ट्रीय हित में जो आवश्यक था, वही किया।**



**जयपुर।** पहलगाम आतंकी हमला और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाकिस्तान के चले रहे संघर्ष को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप पर कांग्रेस पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सचिन पायलट ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'युद्ध विराम' की घोषणा कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय बनाने का प्रयास है। कांग्रेस ने पहलगाम हमले और उसके बाद के घटनाक्रमों के मद्देनजर संसद का विशेष सत्र बुलाने की अपनी मांग भी दोहराई।

उन्होंने संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। उन्होंने 1971 के युद्ध और अमेरिका के दबाव के बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साहसिक फैसले को याद किया।

जब अमेरिका ने 7वीं फ्लीट को बंगाल की खाड़ी में तैनात किया था, तब भी इंदिरा गांधी ने राष्ट्रीय हित में जो आवश्यक था, वही किया।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# कविनगर रामलीला समिति का चुनाव हुआ सर्वसम्मति से संपन्न

# निर्विरोध तीन वर्ष के लिए अध्यक्ष चुने गए ललित जायसवाल





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों से जुड़कर चलते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में उनकी बड़ी भूमिका रहती है। प्रशासन के साथ जहां वो सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन के रूप में सहयोगी रहते हैं वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वो हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष के रूप में सक्रिय हैं। धार्मिक कार्यक्रमों की बात आए तो गाजियाबाद ही नहीं एनसीआर की सबसे भव्य आधुनिक और सर्वश्रेष्ठ मानी जाने वाली कविनगर की रामलीला उन्हीं की अध्यक्षता में संपन्न होती है।

ललित जायसवाल रविवार को एक बार फिर कविनगर श्री धार्मिक रामलीला समिति के अध्यक्ष चुने गए। चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। कविनगर रामलीला मैदान में बनाए गए जानकी सभागार में श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर की साधारण सभा की बैठक हुई। इस बैठक में रामलीला की कार्यकारिणी समिति के श्री वार्षिक चुनाव हेतु आपसी सहमति बन गई और सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हुआ। यह कार्यकारिणी वर्ष 2025 में चुनी गई और 2028 तक कार्य करेगी। खास बात यह रही कि यहां ललित जायसवाल को अध्यक्ष पद के लिये निर्वारित घोषित किया गया और महामंत्री पद पर भूपेंद्र चौपड़ा निर्वाचित घोषित किये गये।



इसके अलावा समिति के सभी दस पद और 21 कार्यकारिणी सदस्यों को भी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

## रिटायर्ड पीसीएस सर्वजीत राम ने निभाई चुनाव अधिकारी की भूमिका

(करंट क्राइम)। कविनगर रामलीला समिति का चुनाव संपन्न हुआ और खास बात ये रही कि यहां आपसी सहमति इतनी थी कि सभी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये। गाजियाबाद में सिटी मजिस्ट्रेट और एडीएम फाइनेंस पद पर कार्यरत रह चुके सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी सर्वजीत राम ने चुनाव अधिकारी की भूमिका निभाई। वो चुनाव अधिकारी के रूप में मौजूद थे और उन्हीं की देखरेख चुनाव परिणामों की घोषणा की गई। सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव हुआ।

## विवेक मित्तल बने कोषाध्यक्ष और तरुण चोटानी बने प्रचार मंत्री

(करंट क्राइम)। श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर के अध्यक्ष पद पर जहां ललित जायसवाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया वहीं महामंत्री पद पर भूपेंद्र चोपड़ा निर्वाचित घोषित हुए। इसके अलावा अन्य पदों पर भी घोषणा हुई, जिनमें कोषाध्यक्ष पद पर विवेक मित्तल, प्रचार मंत्री पद पर तरुण चोटानी, विपुल शर्मा, अवनीश गर्ग चुने गए। मंत्री पद पर पवन गुप्ता और सहमंत्री पद पर राजेश गर्ग निर्वाचित घोषित किये गये। उपाध्यक्ष पदों पर गुलशन बजाज, अजय जैन चुने गए।

## कार्यकारिणी सदस्यों में दिवाकर सिंघल, आलोक गर्ग, विनय जिंदल के नाम

(करंट क्राइम)। रामलीला की कार्यकारिण सदस्य घोषित हुए। कार्यकारिणी सदस्यों में दिवाकर सिंघल, आनंद गर्ग, मनोज गोयल, सुनील निगम, आलोक गर्ग, संजय मित्तल, नवेंदु सक्सेना, दीपक कुमार, विनय जिंदल, सुशांत चोपड़ा, अजय अग्रवाल, वेदपाल कुशवाहा, ऋषि माकड़, पुनीत बेरी, मुकेश सिंघल, रमन मिगलानी, सुरेश महाजन, बीपी कौशिक, अजय गुप्ता, मयंक जैन और सचिन कुमार निर्वाचित घोषित किये गये।





## गायत्री मंत्र के साथ शुरू हुई बैठक और दानदाताओं का किया गया आभार व्यक्त

(करंट क्राइम)। कविनगर रामलीला समिति की बैठक रविवार को संपन्न हुई। समिति की बैठक गायत्री मंत्रों के साथ शुरू हुई और बैठक का समापन भी गायत्री मंत्रों के साथ किया गया। समिति के महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए समिति के कार्यक्रमों, उपलब्धियों तथा योजनाओं का उल्लेख किया। सभी सदस्यों, सहयोगियों और दानदाताओं का आभार व्यक्त किया गया। रामलीला समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कमेटी के सभी सदस्यों तथा संरक्षकगणों को मार्गदर्शन एवं सहयोग हेतु धन्यवाद दिया तथा सर्वसम्मति से शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

**महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा ने सभी सदस्यों, सहयोगियों और दानदाताओं का आभार व्यक्त किया।**

## पूर्व राज्यमंत्री बलदेवराज शर्मा बने संरक्षक और किया बैठक को संबोधित

(करंट क्राइम)। कविनगर की रामलीला का एक अलग ही स्टेटस है और इस रामलीला ने विगत वर्षो में अपने को कई स्तर पर अपडेट किया है। रामलीला के मंचन से लेकर रामलीला के मेले तक यह मेला व्यवस्थाओं से, अनुशासन से और संस्कृति से भरपूर रहता है। मेले की कमेटी अपने आप में एक स्तर लिये हुए है। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व दर्जाप्राप्त राज्यमंत्री बलदेवराज शर्मा श्री धार्मिक रामलीला समिति कविनगर के संरक्षक घोषित किये गये। इसके अलावा संरक्षकों में ललित मोहन मित्तल, नेमप्रकाश गोयल, विजय जिंदल, जेडी जैन संरक्षक बनाए गए। सभी संरक्षकों का स्वागत रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ललित जायसवाल व अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में साधारण सभा के सदस्य मौजूद थे। समिति के संरक्षक पूर्व दर्जा प्राप्त बलदेवराज शर्मा ने बैठक को संबोधित किया।



# क्यों चल रही है निगम के गलियारों में अब नए वाले टैक्स की चर्चा!

## मेलों से लेकर ठेलों तक यूजर चार्ज लगाने की तैयारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अभी नगर निगम में हाउस टैक्स को लेकर भाजपा आपस में उलझा रही है। नगर निगम के तीन सीनियर पूर्व पार्षद बढ़ोत्तरी को एक्ट के खिलाफ बता रहे हैं और वो इस बात पर रोष जता रहे हैं कि निगम के मौजूदा पार्षद क्यों नहीं बोल रहे। भाजपा के पूर्व सीनियर पार्षद राजेंद्र त्यागी तो मेयर सुनीता दयाल और महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को पत्र लिखकर यहां तक कह चुके हैं कि जनता माफ नहीं करेगी।

सूत्र बताते हैं कि अगर सब कुछ ठीक रहा तो नया मास्टर स्ट्रोक लाने की तैयारी हो चुकी है। निगम प्रशासन अपने तर्क दे रहा है और पार्षद क्या बोलेंगे ये भविष्य बताएगा। फिलहाल निगम के सूत्र बता रहे हैं कि मेलों से लेकर ठेलों तक यूजर चार्ज लगाने की तैयारी है। क्योंकि जो भी ठेले खड़े होते हैं वो कचरे का निस्तारण तो निगम की सीमा में ही करते हैं। इसमें भी कोई दो राय नहीं है कि कोई भी ठेला ऐसा नहीं है कि जहां कचरा ना होता हो। अगर ठेले वाला अपने पास डस्टबिन में कूड़ा एकत्र कर रहा है तो वो उसे कहीं ना कहीं फेंक भी रहा है। ऐसे में यूजर चार्ज उसपर लगना चाहिए और निगम को इससे मदद मिलेगी। वहीं सूत्र बताते हैं कि यूजर चार्ज वाली स्कीम केवल ठेलों पर लागू नहीं है अब ये स्कीम मेलों पर भी आ रही है। मेले में दुकानदार हैं, दुकानों पर ग्राहक हैं और अगर मेला लगा है तो फिर कचरा भी है और ये कचरा निगम की सीमा में है तो यूजर चार्ज भी वसूला जाएगा।

### राम वालों को भी चुकाने होंगे यूजर चार्ज वाले दाम

करंट क्राइम। यूजर चार्ज की तैयारी हो रही है। हालांकि अधिकृत तौर पर अभी कोई नहीं बोल रहा है, लेकिन ये यूजर चार्ज मेलों से लेकर ठेलों तक लिया जाएगा। इससे कचरे का निस्तारण भी होगा और निगम को आय भी होगी। सूत्र बताते हैं कि राम वालों से भी दाम वसूले जाएंगे। क्योंकि राम वाले भी अगर बिजनेस कर रहे हैं तो फिर उन्हें दाम चुकाने में कोई ढील नहीं करनी चाहिए। चैरिटी वाले सीन से कहानी आगे निकली है और निगम के पास भी चैरिटी बिजनेस का पूरा डाटा आ गया है। रामलीला के मेलों में लगने वाले स्टॉल और ठेलों से यूजर चार्ज वसूला जाएगा। इसकी तैयारी हो रही है। सूत्र बताते हैं कि आगामी किसी भी बैठक में ये प्रस्ताव आ जाएगा।

# मई-जून का महीना, खूब बहाना पड़ेगा पसीना

## देवतुल्य कार्यकर्ताओं को करना होगा टीम में आने के लिए दो महीने का इंतजार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा की महानगर टीम में आने के लिये कई चेहरे एक्टिव हो गए हैं। कई चेहरे डिएक्टिव हो गए हैं और एक घेरा ऐसा आ गया है जो महानगर अध्यक्ष के घर से लेकर महानगर कार्यालय तक डेरा डाले हुए है। ये सभी वो देवतुल्य कार्यकर्ता हैं जो महानगर की टीम में स्थान चाहते हैं। कई ऐसे चेहरे हैं जो सुशुप्त अवस्था में थे लेकिन अब वो एक्टिव मोड में दिखाई दे रहे हैं। ये चेहरे महानगर अध्यक्ष की परिक्रमा भी कर रहे हैं और क्षेत्र वालों से लेकर संघ वालों के दर पर अपना मस्तक भी टिका रहे हैं। भाजपा सूत्र बताते हैं कि अभी पद की हसरत वालों को गर्मी के मौसम में और कसरत करनी होगी।

क्योंकि अभी टीम घोषित होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच हालात बिगड़ने के बाद अब इसका असर संगठन की घोषणा पर पड़ सकता है। बताया जाता है कि जो भी फैसला आएगा वो प्रदेश से होता हुआ आएगा। पहले प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा होगी, फिर क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा होगी और उसके बाद नए प्रदेश अध्यक्ष और नए क्षेत्रीय अध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से ही महानगर टीम की घोषणा होगी। ऐसे में मई-जून का महीना कार्यकताओं के लिये और अधिक पसीना बहाने का संदेश लेकर आएगा। कार्यकताओं को हर आयाम में काम करना होगा। अध्यक्ष की की गुडबुक में आना होगा और इसके बाद ही टीम में स्थान बनाने के लिये मौका मिलेगा।

### कई चेहरों ने ले लिया है खुद ही यू-टर्न

कुछ नए चेहरे अचानक से एक्टिव हुए हैं तो कुछ पुराने चेहरों ने ये मान लिया है कि महानगर वाला गेम ओवर हो गया है। वो अपनी ऊर्जा यहां नहीं खपाना चाहते और कई चेहरों ने यू-टर्न ले लिया है। जो चेहरे भगवा कमांडर के समय लगातार एक्टिव थे, महानगर कार्यालय पर नजर आते थे, उन चेहरों ने अब धीरे-धीरे महानगर वाला रास्ता बदल दिया है और महानगर वालों से वास्ता भी कम कर लिया है। ये चेहरे दरअसल जानते हैं कि गेम अब ओवर हो गया है। नए मैच में नए खिलाड़ी होंगे, ऐसे में इन चेहरों ने खुद ही यू-टर्न ले लिया है।

# अतुल सिंह बने एसीपी शालीमार गार्डन और अंबुज सिंह यादव को मिला एसीपी क्राइम का प्रभार

## सूर्यबली मौर्य को एसीपी हिंडन एयरपोर्ट सुरक्षा की मिली जिम्मेदारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में धीरे-धीरे एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव हो रहा है। इसी कड़ी में रविवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने बेहतर कानून व्यवस्था, समन्वय और जनसुनवाई करने के मकसद से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चार एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इस लिस्ट में एसीपी शालीमार गार्डन रहीं सलोनी अग्रवाल को एसीपी महिला अपराध एवं लेखा की जिम्मेदारी दी गई है। तो वहीं शालीमार गार्डन एसीपी अतुल कुमार सिंह को बनाया गया है।

एसीपी सूर्यबली मौर्य को हिंडन एयरपोर्ट सुरक्षा के साथ ही सुरक्षा का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वही एसीपी अंबुज सिंह यादव को अपराध के साथ कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कहा जा रहा है कि यह है बदलाव पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के बेहतरीकरण के लिए किए गए हैं।

### सीपी ने अतुल सिंह और अंबुज यादव पर जताया भरोसा

करंट क्राइम : नए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने अतुल कुमार सिंह और अंबुज सिंह यादव पर भरोसा जताते हुए दोनों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। जहां अतुल कुमार सिंह को शालीमार गार्डन का सर्किल दिया गया है। उनके सर्किल में शालीमार गार्डन और टीलामोड़ थाना शामिल है। कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर और अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए उनको यहां नई तैनाती दी गई है। तो वहीं एसीपी क्राइम की जिम्मेदारी संभालने के साथ-साथ अब कार्यालय का अतिरिक्त प्रभार अंबुज सिंह यादव को दिया गया है। यह दोनों ही अधिकारी पुलिस कमिश्नरेट में लंबे समय से तैनात चल रहे हैं पर साइन लाइन चल रहे थे।


अतुल सिंह


अंबुज सिंह


सूर्यबली मौर्य


सलोनी अग्रवाल

### एसीपी सूर्यबली मौर्य को फिर दिया गया मौका

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने एसीपी सूर्यबली मोर्य पर भरोसा जताते हुए दोबारा उन्हें मुख्य धारा में जोड़ा गया। साइड लाइन पोस्टिंग के बाद उन्हें अब हिंडन एयरपोर्ट सुरक्षा के साथ ही सुरक्षा का अतिरिक्त जिम्मा सौंपा गया है। बता दें कि इससे पहले सूर्यबली मौर्य पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शालीमार गार्डन और लोनी जैसे महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण माने जाने वाले सर्किल में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

# जिसे ढूंढ़ रही थी दिल्ली, नोएडा और मेरठ की फोर्स उसकी फुटेज पहचान गई इंदिरापुरम पुलिस

## - मेरठ, हापुड़, दिल्ली और गाजियाबाद में दर्ज है नसीमुद्दीन उर्फ बड्डा पर दर्जनभर से ज्यादा मुकदमे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इंदिरापुरम पुलिस ने एक ऐसे झपटमार, लुटेरे और गैंगस्टर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। जिसको मेरठ, गौतमबुद्ध नगर, दिल्ली और गाजियाबाद के आधा दर्जन से ज्यादा थानों की पुलिस ढूंढ रही थी। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की क्राइम टीम से लेकर स्वॉट टीम भी दिल्ली में व्यापारी को पिस्टल की नोक पर लूटने वाले इस शातिर बदमाश नसीमुद्दीन उर्फ बड्डा की तलाश कर रही थी। बताया जा रहा है कि यह बेहद शातिर है और कई लूट, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास और स्नेचिंग के मामलों में नामजद रहा है। गिरफ्तार लुटेरे को इंदिरापुरम पुलिस ने एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और क्राइम टीम थाना इंदिरापुरम प्रभारी रवेंद्र की मुस्तैदी के बाद मुठभेड़ में दबोचा गया है। बीते दिनों आरोपी नसीमुद्दीन उर्फ बड्डा की पिस्टल की नोक पर लूट की वीडियो वायरल हुई थी।







### लगातार एनकाउंटर में टॉप चल रहा है इंदिरापुरम सर्किल

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में नए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ के आने के बाद बदमाशों पर पुलिस जमकर गोली चला रही है। तो एनकाउंटर के मामले में इंदिरापुरम सर्किल पुलिस टॉप पर बनी हुई है। कौशांबी, खोड़ा और इंदिरापुरम पुलिस लगातार बदमाशों से मुठभेड़ कर रही है। तो वहीं नसीमुद्दीन जैसे शातिर और प्रमुख बदमाश को गिरफ्तार कर इंदिरापुरम पुलिस ने कई टीमों को चुनौती पेश कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नसीमुद्दीन उर्फ बड्डा पर मेरठ में आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट और लूट के चार मुकदमे हैं। तो कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर में ऑम्स एक्ट का एक मुकदमा है। हापुड़ में ऑर्म्स एक्ट, लूट ,हत्या के प्रयास के तीन मुकदमे हैं। कमिश्नरेट गाजियाबाद में थाना इंदिरापुरम, सिहानी गेट, मधुबन बापूधाम, कवि नगर, मसूरी, मुरादनगर, मोदीनगर में आधा दर्जन से ज्यादा लूट और स्नेचिंग के मामले हैं। तो वहीं दिल्ली में भी लूट के दो मुकदमे दर्ज हैं।

## संपादकीय

# युद्ध नहीं, तो क्या है?

बीते बुधवार और गुरुवार की रातों में पाकिस्तान ने भारत के कुल 27 शहरों पर 100 से अधिक हवाई हमले किए। यह दीगर है कि हमारे रक्षा-कवच एस-400 सुदर्शन चक्र ने उन्हें नाकाम करते हुए टुकड़े-टुकड़े कर दिया। पंजाब, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान के सीमावर्ती शहरों और गुजरात में कच्छ-भुज को निशाना बनाया गया था। यह टकराव घंटों जारी रहा। पाकिस्तान ने मिसाइल, ड्रोन, रॉकेट से हमले किए, लेकिन हमारे रक्षा-कवच अभेद्य साबित हुए और दुश्मन के हमलों को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों के साथ-साथ रिहायशी इलाकों को भी निशाना बनाया। उसके तमाम हमले विनष्ट कर दिए गए और उसका आक्रमण नाकाम साबित हुआ। पाकिस्तान के करीब 50 ड्रोन हवा में ही चिंदी-चिंदी कर दिए गए। राजस्थान के जैसलमेर में 70 मिसाइलें और जम्मू में 8 मिसाइलें मार गिराईं। यही नहीं, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और दो एफ-16 लड़ाकू विमानों को जमीन सुंघा दी। जेएफ चीनी और एफ अमरीकी जेट विमान हैं। पाकिस्तान ने जम्मू, ऊधमपुर, पठानकोट, जैसलमेर आदि शहरों में वायुसेना के आधारों को नष्ट करने की मंशा से कई हमले किए, लेकिन सभी नाकाम, नष्ट कर दिए गए। कई शहरों में ब्लैकआउट करना पड़ा, हवाई अड्डों को बंद करने पड़ा और ह्यरेड अलर्टह्व घोषित करना पड़ा। हालात अब भी सामान्य नहीं हैं। गुरुवार रात में ही भारतीय सेनाओं ने पलटवार कर लाहौर, कराची, पेशावर, सियालकोट और राजधानी इस्लामाबाद तक के पाकिस्तान को थर्रा और दहला दिया। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय को फिलहाल बख्शा गया है, लेकिन वहां ड्रोन से हमले जरूर किए गए हैं। रावलपिंडी का स्टेडियम तहस-नहस कर दिया गया है। इन शहरों में तैनात एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया गया है। पाकिस्तान का ह्यअवाक्स सिस्टमह्व बर्बाद कर दिया गया है। पाकिस्तान का ह्यरडार सिस्टमह्व भी विनष्ट कर दिया गया है। भारतीय नौसेना के युद्धपोत ह्यआईएनएस विक्रांतह्व ने पाकिस्तान की व्यावसायिक-आर्थिक राजधानी कराची को दहला दिया है। कराची में ही पाकिस्तान की सबसे बड़ी बंदरगाह और वहां का नौसेना मुख्यालय है। जब ये हमले शुरू हुए, उसके करीब दो घंटे के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक इंटरव्यू में कबूल किया कि हमले किए गए हैं और हालात युद्ध जैसे हैं। पाकिस्तान यह कथित युद्ध आधा हार चुका है, क्योंकि उसके प्रमुख डिफेंस सिस्टम और रडार प्रणाली बर्बाद हो चुके हैं। अब पाकिस्तान को हवाई हमलों की जानकारी कैसे मिलेगी और वह देश की रक्षा कैसे कर सकेगा? यही युद्ध नहीं है, तो क्या है? नुकसान दोनों तरफ कितना हुआ है, उसका हिसाब अभी सामने आना है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मुलाकातें कर रहे हैं और हमलों के ब्रीफ ले रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 11 साल के अपने कार्यकाल के दौरान सुरक्षा से जुड़े मंत्रालयों के सचिवों से पहली बार, एकसाथ बैठक की और आपात स्थितियों की तैयारियों को जानने की कोशिश की। यह युद्धकालीन कवायद ही है।

# राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान तेल, गैस पर होगा सरकार का पहला अधिकार



**नई दिल्ली।** तेल क्षेत्र से जुड़े कानूनों में संशाधन के लिए तैयार किए गए मसौदा नियमों के अनुसार राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में सरकार के पास देश में उत्पादित सभी तेल और प्राकृतिक गैस पर पहला अधिकार होगा। कच्चे तेल को भूमिगत या समुद्र तल के नीचे से निकाला जाता है और इसे पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिष्कृत किया जाता है। इसके साथ ही प्राकृतिक गैस का उपयोग बिजली उत्पादन, उर्वरक उत्पादन, वाहनों के लिए सीएनजी और पाइप्ड रसोई गैस के लिए किया जाता है। नियमों में संशोधन से जुड़े मसौदे में ऐसे अधिकारों को शामिल करने का मकसद सरकार को राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने और आपात स्थितियों के दौरान सार्वजनिक कल्याण सुनिश्चित करने में मदद करना है। 1948 के अधिनियम के पुराने प्रावधानों को बदलने का प्रस्ताव मसौदा नियमों के अनुसार तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादकों को पूर्व-अधिकरण के समय प्रचलित उचित बाजार मूल्य का भुगतान किया जाएगा। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मसौदा नियमों पर टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। इस वर्ष की शुरूआत में संसद ने तेल क्षेत्र (विनियमन व विकास) संशोधन विधेयक पारित किया था। इस विधेयक में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने, निवेश आकर्षित करने और देश के ऊर्जा परिवर्तन लक्ष्यों को समर्थन देने के लिए 1948 के अधिनियम के पुराने प्रावधानों को बदलने का प्रस्ताव है। नियमों में कहा गया है कि, पेट्रोलियम उत्पादों या खनिज तेल के संबंध में राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में, भारत सरकार को, ऐसे आपातकाल के दौरान, गैस से उत्पादित खनिज तेलों, परिष्कृत पेट्रोलियम या पेट्रोलियम या खनिज तेल उत्पादों, या ऐसे कच्चे तेल या प्राकृतिक गैस, जिसे पट्टेदार को भारत के भीतर परिष्कृत किए बिना बेचने, निर्यात करने या निपटाने की अनुमति है, और इस पर सरकार को पूर्वाधिकार का अधिकार होगा।

### आपातकाल का क्या मलतब फिलहाल इसकी परिभाषा मसौदे में नहीं

इस अधिकार का प्रयोग भारत सरकार की ओर से पट्टेदार को पूर्वक्रय के समय प्रचलित उचित बाजार मूल्य, पूर्वक्रय में लिए गए पेट्रोलियम या पेट्रोलियम या खनिज तेल उत्पादों या कच्चे तेल या प्राकृतिक गैस के लिए₹ प्रदान करके किया जाएगा। हालांकि नियमों में यह परिभाषित नहीं किया गया कि राष्ट्रीय आपातकाल क्या होगा। उद्योग सूत्रों ने कहा कि युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थितियां- जैसे कि पाकिस्तान के साथ सैन्य गतिरोध में देश ने सामना किया - या प्राकृतिक आपदाएँ राष्ट्रीय आपातकाल का गठन कर सकती हैं।

# आरबीआई का एसबीआई पर एक्शन 1.72 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

## निर्देशो का पालन नहीं करने पर कार्रवाई




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) पर 1.72 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया है। यह जुमार्ना आरबीआई के कुछ निदेर्शों का ठीक से पालन नहीं करने पर लगाया है। यह जुमार्ना बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 के तहत लगाया है। आरबीआई के बयान के अनुसार एसबीआई से आरबीआई के ऋण और अग्रिम वैधानिक व अन्य प्रतिबंध ग्राहक संरक्षण अनधिकृत, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहकों की देयता को सीमित करना और बैंकों की तरफ से चालू खाते खोलना अनुशासन की आवश्यकता पर जारी किए गए कुछ निदेर्शों का पालन नहीं करने पर जुमार्ना लगाया है। एसबीआई पर क्या लगे हैं आरोप स्टेट बैंक पर यह आरोप था कि उसने एक संस्था (इकाई) को ब्रिज लोन यानी एक तरह का अस्थायी कर्ज दिया, जो केंद्र या राज्य सरकार से मिलने वाली सब्सिडी या भुगतान के बदले में दिया गया था। इसके साथ ही बैंक पर एक अन्य आरोप यह लगा था कि उसने विनियामक आवश्यकताओं के उल्लंघन करते हुए कुछ चालू खाते खोल रखे थे। रिजर्व बैंक ने क्या कहा आरबीआई ने कहा कि यह कार्रवाई विनियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है। इसका उद्देश्य बैंक की तरफ से अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर सवाल उठाना नहीं है।

### आरबीआई ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

दरअसल, आरबीआई ने 31 मार्च 2023 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के बारे में पर्यवेक्षी मूल्यांकन वैधानिक निरीक्षण (आईएसई 2023) किया। इस दौरान पता चला कि एसबीआई आरबीआई के निदेर्शों के पालन नहीं कर रही है। इसके बाद से एसबीआई को एक नोटिस जारी कर कारण बताने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि निदेर्शों का पालन नहीं करने पर आरबीआई आप पर क्यों जुमार्ना न लगाए। इसके बाद एसबीआई ने आरबीआई के नोटिस का जवाब दिया फिर व्यक्तिगत सुनवाई के बाद से आरबीआई ने एसबीआई पर जुमार्ना लगाया है।

# सैन्य बजट में भारत के सामने फिसड्डी पाकिस्तान 2024 में साढ़े आठ गुना का था अंतर

**नई दिल्ली।** पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तान ने जिस नापाक हरकत को अंजाम दिया था उसका भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से बदला लिया। भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया, जिसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी और यह भी कहा कि किसी सैन्य ठिकानों या फिर आम लोगों को निशाना नहीं बनाया गया। आतंक पर भारतीय सेना की कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर हमले की कोशिश भी की, लेकिन पूरी तरह फुस्स साबित हुए। भारतीय रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतीय सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में रक्षा क्षेत्र में जो निवेश किए हैं, उसका असर अब दिखने लगा है। इसके उलट पाकिस्तान की रक्षा प्रणाली फिसड्डी साबित हुई और उन्हें भारत की जवाबी कार्रवाई में भारी नुकसान का भी सामना करना पड़ा है। हम आपको इस खबर में भारत और पाकिस्तान के सैन्य बजट में भारी अंतर के बारे में बताएंगे। पाकिस्तान भारत के आसपास भी नहीं है।




### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ही भारत से डरे

1947 में आजादी के बाद से भारत और पाकिस्तान ने तीन युद्ध लड़े हैं। इनमें से दो कश्मीर को लेकर हुए। इतना ही नहीं, पाकिस्तान लगातार सीमापार से सीजफायर का उल्लंघन करता रहता है। हालांकि, अब जब दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है, तो पाकिस्तान ड्रोन्स से हमला कर भारत में आम लोगों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। भारत ने जब नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया था तो पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अपने देश की संसद को बताया कि 'हमारे ठिकानों को निशाना बनाने के लिए भारत की ओर से ड्रोन हमला किया गया। यह एक तकनीकी बात है जिसे मैं समझा नहीं सकता। हमने ड्रोन को नहीं रोका, ताकि हमारी हवाई रक्षा इकाइयों का स्थान लीक न हो।'

### भारत ने नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया

पूरी सावधानी बरतते हुए भारतीय सेना ने आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद किया। हालांकि, इसके बाद भी पाकिस्तानी नहीं सुधरे और आतंकियों को आम जनता बताते हुए पाकिस्तानी सेना ने भारत पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। पिछले तीन दिन से लगातार पाकिस्तान की ओर से ड्रोन्स और मिसाइल से हमले किए जा रहे हैं और भारत उसका मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। भारत ने जहां आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया तो वहीं पाकिस्तान भारत के आम नागरिकों और शहरों को निशाना बना रहा है। पाकिस्तान ने भारत के कई उत्तरी और पश्चिमी शहरों पर ड्रोन्स और मिसाइल्स से हमले किए, लेकिन भारत की सुरक्षा प्रणाली ने सभी को ध्वस्त कर दिया।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण 1.60 लाख करोड़ रुपये घटा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,60,314.48 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। शेयर बाजार में गिरावट के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक नुकसान में रही है। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,047.52 अंक या 1.30 प्रतिशत नीचे आया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं दूसरी ओर इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 59,799.34 करोड़ रुपये घटकर 18,64,436.42 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 30,185.36 करोड़ रुपये घटकर 9,90,015.33 करोड़ रुपये रह गई।

## रोचक तथ्यों का करंट

- भारत विश्व में सबसे बड़े आकार वाले देशों की लिस्ट में सातवें नंबर पर है और जनसंख्या के दृष्टिकोण से दूसरा सबसे बड़ा देश है।
- भारत की कोई राष्ट्रीय भाषा नहीं हैं. हिंदी अधिकारिक भाषा है जो कि देश के कई राज्यों में बोली जाती है. इसके अलावा अंग्रेजी भी देश के कई राज्यों में बोली जाती है।
- भारत पृथ्वी पर सबसे अधिक नमी वाला स्थान है।
- भारत देश ने कभी किसी देश पर पहले अटैक या आक्रमण नही किया है।
- भारत में 300,000 से अधिक मस्जिदें और 2 मिलियन से अधिक हिंदू मंदिर हैं।
- दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले सबसे ज्यादा मस्जिदें हमारा भारत देश में है।
- भारत 90 देशों को सॉफ्टवेयर बेचता है।
- अमेरिका में 38% डॉक्टर भारतीय हैं।
- अमेरिका और चीन के बाद भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी सक्रिय सेना वाला देश है।
- विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान भारतीय संविधान है. जिसमें 448 आर्टिकल है और जिसे एक दिन में पढ़ा नही जा सकता है।

## राशिफल

**मेष:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। वाहन सुख में भी वृद्धि के योग बन रहे हैं।

**वृष:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास बहुत रहेगा, परन्तु आत्म संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कर्क:** परिवार का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा।

**सिंह:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से धन मिल सकता है।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। किसी मित्र से धन की प्राप्ति हो सकती है। खर्चों की अधिकता रहेगी। पैतृक सम्पत्ति की प्राप्ति हो सकती है।

**तुला:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। अति उत्साही होने से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**वृश्चिक:** आत्मसंयत रहें। बातचीत में भी संयम बनाकर रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**धनु:** माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**मकर:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ:** संयत रहें। क्रोध एवं व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**मीन:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। माता-पिता का साथ मिलेगा।

## चुटकुले

लड़का लड़की से- मैं आपसे दोस्ती करना चाहता हूं.
लड़की- तो हमारी दुश्मनी ही कब हुई थी भईया?
लड़के ने साध ली चुप्पी...

---

सोनू- किस बात से परेशान है?
मोनू- यार घरवालों से हूं.
सोनू- घरवालों ने क्या किया?
मोनू- जिस दिन सोचता हूं कि कुछ नया करुंगा, उसी दिन घर वाले गेहूं पिसवाने भेज देते हैं।

---

बबलू- सबसे शुद्ध माल अपने कस्टमर को कौन बेचता है ?
डब्लू- बिजली विभाग.
बबलू- वो कैसे ?
डब्लू- हाथ लगाकर देख ,पता चल जाएगा ।

---

चुन्नू- आज मैं बाल बाल बचा.
मुन्नू- क्या हो गया था ?
चुन्नू- आज ट्रेन मेरे ऊपर से गुजर गई , शुक्र है कि मैं पुल के नीचे खड़ा था...




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# भारत ने त्रिकोणीय सीरीज जीती, श्रीलंका को 97 रन से हराया; स्नेह राणा और अमनजोत ने बरपाया कहर





**नई दिल्ली।** भारत ने श्रीलंका को 97 रन से हराकर त्रिकोणीय सीरीज का फाइनल मुकाबला जीत लिया। कोलंबो में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना की शतकीय पारी की मदद से 50 ओवर में सात विकेट खोकर 342 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की टीम 48.2 ओवर में सिर्फ 245 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान चामरी अट्टापट्टू ने सर्वाधिक 51 रनों की पारी खेली। वहीं, भारत की तरफ से स्नेह राणा ने चार और अमनजोत कौर ने तीन विकेट चटकाए। इस सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका थी जो फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरूआत झटके के साथ हुई। अमनजोत कौर ने पहले ही ओवर में हसिनी पेरेरा को बोल्ड किया। वह खाता भी नहीं खोल पाईं। हालांकि, श्रीलंका ने इससे उबरते हुए विश्मी गुनारत्ने और चामरी अट्टापट्टू की साझेदारी की बदौलत दूसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े। अमनजोत ने अपनी गेंदबाजी का कहर बरपाते हुए दोनों बल्लेबाजों को बोल्ड कर दिया। विश्मी 36 और चामरी 51 रन बनाकर आउट हुईं। इसके अलावा निलक्षिका सिल्वा ने 48, हर्षिता समरविक्रमा ने 26 और देवमी विहंगा ने चार रन बनाए। इसके बाद अनुष्का संजीवनी और सुगंदिका कुमारी ने कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकीं। दोनों क्रमशः 28 और 27 रन बनाकर आउट हो गईं। भारत के लिए स्नेह राणा और अमनजोत कौर के अलावा श्री चरणी ने एक विकेट हासिल किया।

टीम इंडिया को पहला झटका प्रतिका रावल के रूप में लगा। वह 49 गेंद पर दो चौके की मदद से 30 रन बनाकर आउट हुईं। रावल ने मंधाना के साथ ओपनिंग विकेट के लिए 89 गेंद में 70 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद मंधाना ने हरलीन देओल के साथ दूसरे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी निभाई। इस बीच मंधाना ने वनडे करियर का 12वां शतक पूरा किया। उन्होंने 101 गेंद में 15 चौके और दो छक्के की मदद से 116 रन की पारी खेली। वहीं, हरलीन देओल 56 गेंद में चार चौके की मदद से 47 रन बना सकीं। इसके बाद हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के बीच 48 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत 30 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन और जेमिमा 29 गेंद में चार चौके की मदद से 44 रन बना सकीं। ऋचा घोष आठ रन और अमनजोत कौर 18 रन बनाकर आउट हुईं। दीप्ति शर्मा 20 रन बनाकर और क्रांति गौड़ खाता खोले बिना नाबाद लौटीं। श्रीलंका की मल्की मदारा, सुगंधिका कुमारी और देवमी विहंगा ने दो-दो विकेट लिए।

# खेलो इंडिया में हर्षबर्धन-अस्मिता का जलवा, भारोत्तोलन में पहले दिन राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाया




**नई दिल्ली।** हर्षवर्धन साहू और अस्मिता धोने ने खेलो इंडिया युवा खेल 2025 में भारोत्तोलन स्पर्धा के पहले दिन रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। ओडिशा के गंजम जिले के खेलो इंडिया खिलाड़ी साहू ने लड़कों के 49 किलो वर्ग में दो राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाए। 22 मई को 16 वर्ष के होने जा रहे साहू ने क्लीन और जर्क और समग्र भार में क्रमशः 115 और 203 किलो वजन उठाकर नया राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने स्नैच में 88 किलो वजन उठाया।

पिछले रिकॉर्ड झारखंड के बाबूलाल हेमब्रोम के नाम थे। आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैम्पियनशिप में पदकों की हैट्रिक लगाने वाली 16 वर्ष की ज्योशना साबर ने लड़कियों के 40 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं महाराष्ट्र की अस्मिता धोने और उत्तर प्रदेश की मानसी चामुंडा ने लड़कियों के 49 किलो वर्ग में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और समग्र भारवर्ग में नये राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाए। महाराष्ट्र 27 स्वर्ण, 21 रजत और 24 कांस्य समेत 72 पदक लेकर शीर्ष पर है। कर्नाटक दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान तीसरे, मध्यप्रदेश चौथे और पंजाब पांचवें स्थान पर है। दिल्ली की 25 मीटर पिस्टल निशानेबाज नाम्या कपूर ने मध्यप्रदेश की अंजलि भागवत को एक अंक से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं असम के प्रियांशु भट्टाचार्य ने लड़कों के वर्ग में बाजी मारी। मेजबान बिहार सेपक टेकरॉ के दोनों फाइनल हार गया।

# भारतीय पुरुष और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीमें विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई करने से चुकीं




**नई दिल्ली।** भारतीय पुरूष और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीमें टोक्यो विश्व चैम्पियनशिप के लिए सीधे क्वालिफाई करने से चूक गईं और शनिवार को विश्व एथलेटिक्स रिले के पहले दिन पांचवें स्थान पर रहीं।

दोनों टीमों को 13 से 21 सितंबर तक होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में जगह बनाने का एक और मौका रविवार को मिलेगा। भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित टीम ( जय कुमार, स्नेहा कोल्लेरी, धरमवीर चौधरी और रूपल चौधरी ) ने मिनट 16 . 85 सेकंड का समय निकालकर सात टीमों की तीसरी हीट में पांचवें स्थान पर रहे।

हर हीट से शीर्ष दो टीमें और बाकी में से सबसे तेज समय निकालने वाली दो टीमें विश्व चैंपियनशिप और विश्व एथलेटिक्स रिले फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में कामयाब रहीं। भारत को टोक्यो विश्व चैम्पियनशिप में जगह बनाने का एक और मौका रविवार को मिलेगा । भारतीय चौकड़ी चौथी हीट में बोत्स्वाना, इटली, जर्मनी, युगांडा और कनाडा का सामना करेगी। रविवार को दोनों हीट की शीर्ष तीन टीमें विश्व चैम्पियनशिप में पहुंचेंगी।

भारत ने पुरूषों की चार गुणा 400 मीटर में नयी टीम उतारी है जिसमें 2023 विश्व चैम्पियनशिप और 2024 ओलंपिक खेलने वाले एथलीट नहीं हैं। जय कुमार, संतोष कुमार, तमिलारासन , टी साजी मनु, टी के विशाल और मोहित कुमार छह टीमों में पांचवें स्थान पर रहे जिन्होंने दो मिनट 59 . 05 सेकंड का समय निकाला। इन्हें भी रविवार को एक और मौका मिलेगा।

# क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने बॉल्कलाइन स्नूकर टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बनाई, अब ईशप्रीत से सामना



**नई दिल्ली।** अनुभवी क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को सेमीफाइनल में शानदार जीत के बाद एनएससीआई बॉल्कलाइन स्नूकर टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बनाई। पंकज का खिताब के लिए सामना अब ईशप्रीत सिंह चड्ढा से होगा। आडवाणी ने एकतरफा मुकाबले में हिमांशु जैन को 8-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि चड्ढा ने आदित्य मेहता को करीबी मुकाबले में 8-6 से हराया।

पिछले साल का फाइनल भी इन्हीं दोनों के बीच हुआ था। आडवाणी ने 69-15, 73-71, 121 (120)-0, 74-26, 24-71, 72 (50)-5, 135(135)-7, 37-70, 134(112)-20, 60-18 के स्कोर से जीत दर्ज की। चड्ढा ने 86-37, 65-39, 59-60, 97-32, 58-60, 76-55, 78-14, 88-31, 83-27, 1-88, 23-97, 0-63, 0-71, 63-61 के स्कोर से फाइनल में जगह बनाई।

# स्मृति मंधाना वनडे में सर्वाधिक शतक लगाने वाली तीसरी बल्लेबाज, इंग्लैंड की ब्यूमोंट को पछाड़ा



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली तीसरी महिला बल्लेबाज बन गईं। इस मामले में उन्होंने इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट को पीछे छोड़ा। बता दें कि, भारत और श्रीलंका के बीच त्रिकोणीय सीरीज का फाइनल मुकाबला कोलंबो में खेला जा रहा है। इस मैच में हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम ने श्रीलंका के सामने 343 रन का लक्ष्य रखा है।

## 11वें वनडे शतक के साथ मंधाना ने ब्यूमोंट को पीछे छोड़ा

इस मुकाबले में मंधाना का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने 101 गेंदों का सामना किया और 116 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 15 चौके और दो छक्के निकले। यह उनके वनडे करियर का 11वां वनडे शतक है। उन्होंने 55 गेंदों में अपना लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया था। इसी के साथ वह सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाली तीसरी बल्लेबाज बन गईं। इस मामले में वह इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट से आगे निकल गईं, जिन्होंने इस प्रारूप में 10 शतक लगाए हैं। इस मामले में शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया की मैग लैनिंग 15 शतकों के साथ हैं जबकि न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स 13 शतकों के साथ दूसरे स्थान पर दर्ज हैं।

# सिर्फ तीन स्थल पर ही खेला जाएगा आईपीएल 2025 का शेष सत्र ? टूनार्मेंट को लेकर सामने आई बड़ी जानकारी



**मुंबई।** आईपीएल 2025 के दोबारा शुरू होने पर इस मुकाबले सीमित जगह तक ही आयोजित किए जा सकते हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, एक सप्तान के लिए आईपीएल 2025 का सत्र स्थगित होने के बाद अगर मई में इसे दोबारा शुरू किया जाता है तो सिर्फ तीन शहरों में इसके मैच आयोजित कराए जा सकते हैं। इसके लिए बंगलूरू, चेन्नई और हैदराबाद के शहरों के चयनित किया गया है।

## एक सप्ताह के लिए स्थगित हुआ था टूनार्मेंट

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल का मौजूदा सत्र एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला किया था। आईपीएल का 18वां सीजन अपने अंतिम पड़ाव में था और इसके 16 मुकाबले खेले जाने शेष थे जिसमें प्लेऑफ के मैच भी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अगर भारत सरकार टूनार्मेंट दोबारा शुरू करने की मंजूरी देती है तो आईपीएल इसके मैच कराने के लिए दक्षिण भारत के तीन शहरों को चुन सकता है। इस रिपोर्ट की मानें तो कई टीमों के अधिकारियों ने यह भी बताया है कि आईपीएल 2025 का शेष सत्र इस साल बाद में खेला जाएगा। बीसीसीआई के सामने टूनार्मेंट शुरू करने के लिए विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता चुनौती है। टूनार्मेंट स्थगित होने के बाद विभिन्न फ्रेंचाइजी के खिलाड़ी और सहायक स्टाफ अपने घर लौट रहे हैं, जबकि कई विदेशी खिलाड़ी भी अपने घर लौट चुके या लौट रहे हैं।

फ्रेंचाइजी हालांकि, इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि अगर मई में ही टूनार्मेंट शुरू होता है तो उनके विदेशी खिलाड़ी इसके लिए उपलब्ध होंगे। कई खिलाड़ी ऐसे हैं जिनके लिए द्विपक्षीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करना भी जरूरी है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला भी खेला जाना है। आईपीएल 2025 में अब तक कुल 57 मुकाबले पूरे हो चुके हैं, जबकि पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच धर्मशाला में खेला गया 58वां मुकाबला बीच में ही रोक दिया गया था और इसे रद्द किया गया था।

# गिल को मिल सकती है टेस्ट टीम की कमान, ये विकेटकीपर बल्लेबाज बनेगा उपकप्तान?



**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद इस बात पर चर्चा तेज हो गई है कि लाल गेंद के प्रारूप में भारतीय टीम का अगला कप्तान कौन होगा? ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान रोहित की अनुपस्थिति में जसप्रीत बुमराह को कमान सौंपी गई थी, लेकिन बताया जा रहा है कि शुभमन गिल इस प्रारूप में भारत के अगले कप्तान हो सकते हैं। वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उपकप्तानी का जिम्मा मिल सकता है।

उपकप्तान के लिए चयन एकदम स्पष्ट है क्योंकि पंत विदेशी परिस्थितियों में भारत के शानदार टेस्ट बल्लेबाजों में से एक हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह का कद इतना बड़ा है कि उन्हें उपकप्तान की भूमिका के लिए नहीं चुना जा सकता है और साथ ही जब उनकी खुद की फिटनेस भी संदिग्ध है तो उनका पूरी सीरीज के लिए खेलना अनिश्चित है। पंत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में शतकों के साथ 42 से अधिक के औसत से इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। वह इन देशों में सात बार 90 और 99 के बीच स्कोर बना चुके हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, 'अगर बुमराह कप्तान नहीं होंगे तो उन्हें उपकप्तान बनाने का प्रस्ताव देने का कोई मतलब नहीं बनता।'

क्रिकेट जगत जहां करिश्माई विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की इच्छा से हैरान है तो वहीं पता चला है कि चयन समिति ने इंग्लैंड में उन्हें कप्तानी सौंपने के विचार पर विचार किया है ताकि गिल को खुद को निखारने के लिए कुछ और समय मिल सके। अभी तक कोहली ने कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है और माना जा रहा है कि उन्हें इंग्लैंड में आगामी पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में खेलने के लिए कहा जाएगा क्योंकि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके अनुभव की जरूरत होगी, विशेषकर तब जब रोहित शर्मा ने भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। हालांकि बीसीसीआई ने कोहली के टेस्ट करियर के संबंध में उनसे हुई बातचीत पर चुप्पी साधी हुई है।

# इस खिलाड़ी ने विपक्षी टीम को 4-2 से हराकर फाइनल का टिकट दिलाया







**नई दिल्ली।** वीर अब्दुल हमीद बालक हॉकी प्रतियोगिता में पटेल क्लब ने शास्त्री क्लब को 4-2 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। शनिवार को परमानंदपुर मिनी स्टेडियम में दूसरा सेमीफाइनल हुआ। रविवार को पटेल क्लब और विकास क्लब के बीच फाइनल होगा।

पटेल क्लब के आयुष पटेल ने दसवें मिनट में गोल दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। शास्त्री क्लब को तीन मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे शास्त्री क्लब के सतेंद्र ने गोल में बदलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। हाफ टाइम तक यही स्कोर रहा। दूसरे हाफ के पहले ही मिनट में आयुष पटेल ने दूसरा गोल दाग दिया।

25वें मिनट में पटेल क्लब के रौनक सिंह ने शानदार गोल कर स्कोर को 3-1 कर दिया, जिससे उनकी जीत की राह और भी आसान हो गई। हालांकि, शास्त्री क्लब ने वापसी की कोशिश की। 30वें मिनट में हरीश ने बेहतरीन गोल कर स्कोर को 3-2 पर ला दिया, जिससे मैच में एक बार फिर रोमांच बढ़ बढ़ा। पटेल क्लब ने 36वें मिनट में मोनू ने निर्णायक गोल कर स्कोर 4-2 कर दिया। मैच समाप्त होने तक यही स्कोर रहा।

## योग : विद्यापीठ ने जीते 3 स्वर्ण 4 रजत पदक

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दर्शनशास्त्र विभाग में एमए योग पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने जिलास्तरीय प्रतियोगिता में सात पदक जीते। जिसमें 3 स्वर्ण और 4 रजत पदक शामिल हैं। महादेव पीजी कॉलेज में प्रतियोगिता में दिशा सिंह, तारा वर्मा, खुशबू सरोज, मिनी प्रजापति, पूजा मौर्या और सोनाली मौर्या ने पदक जीते।

श्री हनुमान पोद्दार अंध विद्यालय में भी विद्यार्थियों ने प्रतिभा का लोहा मनवाया। श्रीधर सिंह और जयंत मौर्या ने ट्रेडिशनल और रिदमिक दोनों वर्गों में स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किया। सौरभ चौधरी, रेनू चौहान, तारा वर्मा, खुशबू सरोज, पूजा मौर्या, दिशा सिंह और सोनाली मौर्या ने भी हिस्सा लिया। मंडल की दिव्यांग क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम 12 मई को बरेली में टी-20 मैच खेलेगी। टीम की कमान शिवम राजपूत को सौंपी गई है, जबकि आदेश पांडेय उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगे। विकेटकीपर की जिम्मेदारी मनोज यादव संभालेंगे।

गोपाल यादव, राहुल, सलमान खान, धर्मराज यादव, भूटूर राजभर, उपेंद्र यादव, जुबैद, दिपेंद्र सिंह, जितेंद्र बूटा, जितेंद्र शाह और अतुल शुक्ला भी टीम में शामिल हैं। केच अविनाश राय को बनाया गया है, जबकि अजय यादव प्रबंधक के रूप में सहयोग करेंगे। मध्य प्रदेश के भोपाल में 27 से 29 मई तक होने वाली 23वीं राष्ट्रीय जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप भारत-पाकिस्तान युद्ध के कारण टाल दी गई है। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता अपने निर्धारित समय पर 18 और 19 मई को प्रयागराज में होगी।

शुक्रवार को सिगरा में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए ट्रायल हुआ था। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रमेश यादव ने बताया कि जल्द ही अगली तिथि और स्थान की घोषणा की जाएगी। प्रयागराज में होने वाली प्रतियोगिता के लिए जिले स्तर की टीम का चयन कर लिया गया जो प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता हिस्सा लेगी।

बरेका में फुटबाल नर्सरी की ओर से आयोजित बेबी फुटबॉल लीग के सातवें दिन शनिवार को चार मुकाबले हुए। सर्वाधिक अंकों के आधार पर कंचनपुर एफसी, फुटबॉल नर्सरी जूनियर, कुमाऊं हीरोज और कंदवा एफसी ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

कंचनपुर एफसी ने सर्वाधिक 16 अंक हासिल किए, जबकि फुटबॉल नर्सरी जूनियर 13 अंकों, कुमाऊं हीरोज 12 अंकों और कंदवा एफसी 11 अंकों के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई।

प्रतियोगिता में 2 टीमों ने हिस्सा लिया था, जिनमें पहाड़ीपुर क्लब (7 अंक), भुल्लनपुर एफसी (5 अंक), जलाली पट्टी एफसी (7 अंक), वीरपुर एफसी (8 अंक), नाथूपुर एफसी (3 अंक) और फुटबॉल नर्सरी (5 अंक) भी शामिल थीं। शनिवार को पहले मैच में कुमाऊं हीरोज की खिलाड़ी खुशी के 10वें मिनट में गोल और मन्नत के अच्छे प्रदर्शन से टीम ने बाजी मारी।

दूसरा मैच फुटबॉल नर्सरी जूनियर और भुल्लनपुर एफसी के बीच खेला गया, जिसमें फुटबॉल नर्सरी जूनियर के यश ने 14वें मिनट में गोल कर टीम को जीत दिलाई। तीसरे मैच में कंचनपुर एफसी ने जलालीपट्टी एफसी को हराया, जहां कंचनपुर के ध्रुव ने 12वें मिनट में निर्णायक गोल किया। चौथा मैच फुटबॉल नर्सरी और पहाड़ीपुर क्लब के बीच बराबरी पर समाप्त हुआ। निर्णायकों की भूमिका मोहनी, प्रीति, अनुप्रिया और कोमल ने निभाई। जिला नेटबॉल संघ 25 मई से सीएम एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर लगाएगा। शिविर 5 जून तक चलेगा, 40 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला नेटबॉल संघ के सचिव रणविजय सिंह ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशना और प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

गर्मियों की छुट्टियों में शिविर खिलाड़ियों को शारीरिक फिटनेस, तकनीकी कौशल, रणनीतिक समझ और टीम वर्क जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा। खिलाड़ियों का चयन उनकी वर्तमान क्षमता और सीखने की ललक के आधार पर किया जाएगा।

# धूमधाम से आयोजित किया गया महाराणा प्रताप जन्मोत्सव कार्यक्रम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव को दिन रविवार, 11 मई 2025 को महाराणा मंदिर, महाराणा प्रताप भवन, नेहरू नगर, गाजियाबाद पर अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा गाजियाबाद के तत्वाधान में महाराणा प्रताप स्मृति निर्माण समिति द्वारा बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी ने सामूहिक रूप से आचार्य रमाशंकर के सानिध्य में हवन किया।

कवि नगर थाने के एस एच ओ योगेंद्र मलिक एवं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस शुभ अवसर पर आए हुए अतिथियों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के संघर्षमय जीवन से हम किस प्रकार प्रेरणा ले सकते हैं। इस विषय पर अपने-अपने विचार रखें कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा की महासचिव श्रीमती नीता सिंह जी द्वारा किया गया। अंत में सभा के अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम प्रातः 10:00 से आरंभ हुआ एवं कार्यक्रम का समापन सांय 6:00 बजे हो सका। इस शुभ अवसर पर सभा के संरक्षक एसपीएस राघव, वीरेंद्र सिसोदिया, जेपी राणा, जीत सिंह राणा, ए के सिंह, युवा अध्यक्ष राजकुमार बैस, युवा महासचिव सोमवीर सिंह, देवपाल सिंह नाग, प्रदीप सिसोदिया, ओमपाल चौहान, भानु सिसोदिया, राहुल तोमर, जितेंद्र सिंह परमार, घनश्याम सिंह सेंगर, श्रीमती स्नेहलता सिंह, वंदना सेंगर, ज्योति सिंह, कृष्णा कुमारी, शिखा सिंह, मंजू राघव, इंदु सिसोदिया, सीमा सिंह, पूजा सिंह, रजनी सिंह, सुभाष तोमर, सोमवीर सिंह राघव मेरठ, राजेंद्र सिंह पुंडीर, राजीव ठाकुर उमेश प्रसाद सिंह, दुष्यंत सिंह सिसोदिया, अनिल चौहान, मनोज कुमार सिंह, देवेंद्र रावल, विवेक भदोरिया, आईवी राघव, आरसी कुशवाहा, जितेंद्र सिंह चौहान, राजकुमार सोम, चमकेश सिंह, प्रदीप सोलंकी, आनंदपाल सिंह, कैलाश परिहार, अशोक राव, अरुण पुंडीर, चित्रांगद सिंह सिसोदिया, वीके सिंह चौहान, शीतल भगत सिंह, अमरपाल सिंह राठौड़, पत्रकार हरीश राठौर, राम अवतार सिंह, नरपाल सिंह सहित सैकड़ो भाई बहनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# सोफा-मैट्रेस शोरूम में लगी आग, फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियां ने 40 मिनट में पाया काबू

## जानमाल का नहीं हुआ नुकसान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना साहिबाबाद क्षेत्र के मोहन नगर में स्थित एक सोफा और मैट्रेस शोरूम में आग लग गई। दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल के अनुसार, आग तीन मंजिला बिल्डिंग के पहले फ्लोर पर लगी। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट आग का कारण माना जा रहा है। साहिबाबाद, वैशाली और शहर फायर स्टेशन से कुल 7 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचकर 40 मिनट में आग पर काबू पाया।

साप्ताहिक अवकाश होने के कारण शोरूम बंद था और कोई कर्मचारी या ग्राहक मौजूद नहीं था। स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में दमकल कर्मियों की मदद कर रही है।

# भीड़ ने एक चोर को दबोचकर जमकर की धुनाई

## अतिक्रमण हटाने व पुलिस गश्त की उठाई मांग

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** बाजार में खरीदारी कर रही महिलाओं के साथ चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने महिलाओं के बैग से सामान चोरी किया। एक दुकानदार की सतर्कता के चलते शोर मचाने पर भीड ने पीछाकर एक चोर को दबोच लिया, जबकि उसके तीन साथी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर जमा भींड ने पकड़े गए चोर की धुनाई कर दी। इस बीच व्यापारियों के दो पक्षों के बीच जमकर बवाल हुआ। पुलिस की मौजूदगी में पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर विरोध में जमकर नारेबाजी हुई। इस बीच हिंदू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री नीरज शर्मा व पैठ व्यापार संगठन के अध्यक्ष अनिल जैन भी अपने समर्थको के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन किया और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस की मौजदूगी में हिंयुवा के नेता नीरज शर्मा ने बताया कि गत दो सप्ताह के बीच बाजार में खरीददारी करने आ रही महिलाओं के बैग से चोरी करने वाला गैंग यहां सक्रिय हैं। इस सबंध में उनकी ओर से पुलिस की गश्त बढाने की मांग रखी गयी थी, इसी बीच दो दिन पहले गोविंदपुरी पैठ में जब महिलाएं खरीददारी कर रही थी, इसी दौरान चोरों ने महिलाओं के बैग से सामान चोरी कर लिया। पुलिस की इस कार्य प्रणाली के विरोध में व्यापारी नेता अनिल जैन व युग शक्ति क्रान्तिकारी संगठन के लोग सड़क पर उतर आये ओर हंगामा शुरू कर दिया। दूसरी ओर अतिक्रमण कर बैठे व्यापारियों के समर्थन में भी कुछ लोग आ गये। जिसका एक पक्ष के लोगों ने अतिक्रमण का विरोध जताया। इसे लेकर दुकानदारों व व्यापारी नेताओ के बीच



विरोध पैदा हो गया। पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गयी। उन्होंने पुलिस पर बाजार में गश्त न करने का आरोप लगाया है। मामले में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने आरोपी चोर जिसका नाम नाजिम बताया जा रहा है, को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने कहा कि बाजार में पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी। उधर, पालिकाध्यक्ष विनोद जाटव के समक्ष व्यापरियों ने अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर आंदोलन का ऐलान किया हैं।

# वैश्य सभा ट्रांस हिंडन क्षेत्र साहिबाबाद की नई कमेटी का गठन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैश्य सभा ट्रांस हिंडन क्षेत्र साहिबाबाद के मुख्य पदाधिकारियों के सत्र 2025-27 की नई कमेटी का चुनाव महाराजा अग्रसेन भवन राजेन्द्र नगर में चुनाव करवाए गए। चुनाव रविवार की सुबह 10 से 1 बजे तक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये गए। चुनाव में कुल 338 मतदाता सदस्यों ने अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव परिणाम प्रत्याशी विजेता घोषित किए गए। अध्यक्ष आनंद गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, महासचिव डॉ एस सी बंसल, सहसचिव दीपक गुप्ता, कोषाध्यक्ष भमेश कुमार कंसल। चुनाव प्रक्रिया में सभी सदस्यों का सौहार्दपूर्ण वातावरण में चुनाव सम्पन्न करवाने का बहुत बहुत धन्यवाद। साथ ही उन सभी सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद किया। डॉ आर के अग्रवाल, मुख्य चुनाव अधिकारी, घनश्याम दास गुप्ता, चुनाव अधिकारी की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ।

## महिला से बाइकर्स गैंग ने लूटी सोने की चैन



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** धार्मिक आयोजन कीर्तन में शमिल होने जा रही महिला से सांय को बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला से सोने की चेन लूट ली। लूट का विरोध करने पर महिला को धक्का देकर लूटेरे फरार हो गए। जिस कारण वह घायल हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। एक सप्ताह के भीतर चैन लूट की यह तीसरी वारदात घटी हैं। नगर की उमेश पार्क कॉलोनी निवासी पूनम रानी पत्नी बिजेन्द्र कुमार सांय को कृष्णानगर कॉलोनी में चल रहे कीर्तन में भाग लेने के लिए जा रही थी। जब वह दिल्ली मेरठ मार्ग पर कॉलोनी के गेट के समीप पहुंची तो पीछे से बाइक सवार दो युवक हेलमेंट लगाए हुए आए और महिला के गले से सोने की चेन लूट ली। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने महिला को धक्का दे दिया, जिस कारण वह घायल हो गयी।

# 40 लूट करने वाले लुटेरे को पैर में गोली मारी

## बुलंदशहर का नसीमुद्दीन गाजियाबाद से लेकर नोएडा, दिल्ली में लूटता था चेन व कुंडल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम थाना पुलिस ने कुख्यात लुटेरे नसीमुद्दीन को देर रात एनकाउंटर में अरेस्ट किया है। पुलिस ने दौड़ाकर जिसके पैर में गोली मारी है। मौके से चोरी की बाइक एक पिस्टल और 48, 750 रुपए भी बरामद हुए हैं। यह बुलंदशहर का रहने वाला है जो नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली में 40 से महिला व पुरुषों से चेन, कुंडल और पर्स लुट चुका है। जिस पर अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। इसी लुटेरे ने एक महीने में इंदिरापुरम, सिहानीगेट, मधुबन, मोदीनगर, मुरादनगर दिल्ली में लूट की घटना कबूल की है। 20 अप्रैल को दिल्ली में एक युवक से तमंचे के बल पर लूट की थी। इसकी वीडियो भी सामने आई। यह दिल्ली में युवक से चेन लूटते समय की फुटेज है। जिसमें दो बदमाश तमंचा ताने हुए हैं। चैक की शर्ट में ही नसीमुद्दीन है। रात भी वह इसी शर्ट में था। यह दिल्ली में युवक से चेन लूटते समय की फुटेज है। जिसमें दो बदमाश तमंचा ताने हुए हैं। चैक की शर्ट में ही नसीमुद्दीन है। रात भी वह इसी शर्ट में था।

हिंडन पर पुलिस ने की घेराबंदी

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रांस हिंडन जोन में लूटपाट व चैन स्नेचिंग की घटनाओं की रोकथाम के लिए थाना इन्दिरापुरम पुलिस द्वारा प्रतिदिन की तरह सघन चेकिंग की जा रही थी। शनिवार रात हिंडन पुल की तरफ से आते हुए एक बाइक सवार युवक को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन युवक नही रुका तथा बाइक को तेजी से पीछे मोड़ते हुए भागने का प्रयास किया। तभी बाइक फिसलकर गिर गयी, जिसे पकडने का प्रयास किया गया तो भाग रहे बदमाश द्वारा अचानक मुड़कर पुलिस पर पिस्टल से फायर कर दिया। जिससे पुलिस द्वारा अपना बचाव करते हुए फायरिंग की गई। पुलिस ने पैर में दौड़कर गोली मारी पैर में गोली लगने से घायल बदमाश ने अपना नाम नसीमुद्दीन उर्फ बड्डा पुत्र निजाम निवासी ग्राम मीठेपुर थाना गुलावटी जनपद बुलंदशहर बताया। मूल निवासी मंगल गार्डन पीपलहेडा थाना धौलाना जनपद हापुड़ है। नसीमुद्दीन के विरुद्ध दिल्ली एनसीआर, गाजियाबाद में की गई लूट, स्नेचिंग से सम्बन्धित घटनाओं को कारित करना इकबाल किया गया। यह अपने साथी के साथ महिलाओं से लूटपाट करता था और उसके बाद ज्वेलरी को बेचकर कर पैसा ले लिया करता था। पिछले 10 दिनों में उसने लूट के 2 वारदात की है।

# नोएडा में किरायेदारों की जांच, पुलिस ने किया सत्यापन, आगे भी जारी रहेगा अभियान



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 कोतवाली पुलिस ने रविवार को किरायेदारों का सत्यापन अभियान चलाया। पुलिस टीम ने कंपनियों और अन्य स्थानों पर रहने वाले लोगों से संपर्क कर उनकी विस्तृत जानकारी एकत्र की। कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में बाहरी लोग निवास करते हैं। आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए यह सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। पहले दिन सैकड़ों लोगों का सत्यापन किया गया। पुलिस ने क्षेत्र में रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी है। इस सत्यापन से किसी अप्रिय घटना की स्थिति में आरोपियों की पहचान और कार्रवाई में मदद मिलेगी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि यह अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा।

# एआई से फोटो एडिट कर नाबालिग छात्रा को किया ब्लैकमेल

## छात्रा ने छत से कूदकर की जान देने की कोशिश, अस्पताल में भर्ती

**गाजियाबाद (करंट क्रइम)।** लोनी बॉर्डर क्षेत्र में एक 17 वर्षीय छात्रा ने छत से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। छात्रा को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता के भाई ने बताया कि एक युवक ने उसकी बहन की तस्वीरें खींच लीं। फिर एआई टेक्नोलॉजी से उन्हें एडिट किया। आरोपी युवक छात्रा को धमकी देता था कि वह फोटो सोशल मीडिया पर डाल देगा। वह छात्रा को होटल ले जाकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। इससे तंग आकर छात्रा ने आत्महत्या का प्रयास किया।





पीड़िता के पिता ने बताया कि आरोपी युवक का पिता अस्पताल आया। उसने परिवार को जान से मारने की धमकी दी। उसने कहा कि अगर घटना की जानकारी पुलिस को दी तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगाई हैं।




## बदलेंगे बहुत जल्द ही जोन वाले थ्री-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कुल ही दिनों में बड़े-बड़े बदलाव हो रहे हैं। तो नए-नए फैसले भी लिए जा रहे हैं। रविवार को सुबह-सुबह आई एसीपी वाली लिस्ट से कई स्पष्ट संदेश दिए गए हैं। तो अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इसके जरिये कुछ सुधार व बदलाव लाने का कार्य भी शुरू होना बताया जा रहा है। वहीं सूत्रों ने बताया है कि अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक ही जोन में दो साल का समय बिताने वाले थ्री-स्टार्स की टेंशन बढ़नी शुरू हो गई हैं। उधर सूत्र बता रहे हैं कि एक जोन में दो साल के लंबे समय तक बने हुए थ्री-स्टार जल्द ही बदले जाएंगे। सूत्र बता रहे हैं कि उनके नाम चेककर लिए गए हैं और बस आदेश वाला इंतजार हो रहा है। इसी के साथ बड़े पैमाने पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाल तीनों जोन में आने वाले दिनों में टू-स्टार के कार्यक्षेत्र भी बदले जाएंगे, उनके जोन बदले जाएंगे तो कई को लाइन और साइड लाइन भी किया जाएगा। कुल मिलाकर जिस तरीके से जनसुनवाई वाली कमान साहब के हाथों में है और वही जनसुनवाई पुलिस कर्मियों की वर्किंग का आधार भी बनती जा रही है। थानों पर पुलिसकर्मियों की शिकायत और वहां के कारनामे अब सीधे पुलिस ऑफिस में साहब की टेबल तक पहुंच रहे हैं। तो वहीं जो शिकायती मामले आते हैं, उनपर भी पुलिसकर्मी बेहद गंभीरता दिखा रहे हैं। सीधा निर्देश है कि 24 घंटे के भीतर कार्यालय में आने वाली शिकायतों पर जांच, पड़ताल और कार्रवाई होनी चाहिए। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जैसे ही थ्री-स्टार की दो साल तक जोन वाले आदेश पर अमल होगा, उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कई जोन में थाना प्रभारियों के फेस और प्लेस भी बदले जाएंगे। बताया जा रहा है कि सिटी में कई फेस ऐसे हैं, जो रेस में आगे दौड़ेंगे और उनको फिर कार्य क्षमता के अनुसार से प्रभाव दिया जाएगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों एक खेत के बराबर वाले थाने पर कई लोग नजर दौड़ाए बैठे हैं। देखना होगा कि उनकी पारी कितनी लंबी और कितनी काबिलियत वाली रहती है। कुल मिलाकर आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जोन वाले फेस बदलने के बाद बड़ा परिवर्तन और बदलाव दोनों ही होने की पूरी संभावना बने होने की बात की जा रही है।



# महिला का शव मिला, रुस्तमपुर गांव के रजवाहे से लाश निकाली, पुलिस पहचान कराने में जुटी




**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एक अज्ञात महिला का शव मिला। रुस्तमपुर गांव के रजवाहे में बह रहे शव को ग्रामीणों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक महिला की उम्र लगभग 35 वर्ष आंकी गई है। शव अर्धनग्न अवस्था में था। पुलिस के अनुसार, शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उसके पास से पहचान से जुड़ी कोई वस्तु भी नहीं मिली। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। इसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

# हापुड़ में सड़क चौड़ीकरण के लिए कि बिजली कटौती

## 12 मई को 7 क्षेत्रों में बिजली बंद, 3 हजार घर होंगे प्रभावित



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ में बुलंदशहर मार्ग के चौड़ीकरण और शहर की बुनियादी संरचना को बेहतर बनाने के लिए बिजली लाइनों को स्थानांतरित किया जाएगा। दिल्ली रोड स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के फीडर नंबर 3 और 5 की लाइनें और ट्रांसफॉर्मर शिफ्ट किए जाएंगे। 3 हजार घरों की होगी बिजली कटौती विद्युत विभाग ने 12 मई 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति रोकने का निर्णय लिया है। इस दौरान राजीव विहार, छज्जूपुरा, महेशपुरी, किशनपुरा, मजीदपुरा गली नंबर 1 और 2, कोठी गेट और पीरबाहुद्दीन मोहल्ले में बिजली बंद रहेगी। इस कटौती से लगभग 3000 उपभोक्ता प्रभावित होंगे। एसडीओ के अनुसार, यदि कार्य योजना में कोई बदलाव होता है, तो निर्धारित समय के अनुसार बिजली आपूर्ति सामान्य रूप से जारी रहेगी। यह कार्य नगर विकास की बिजनेस प्लान योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शहर की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना है।

# शादी समारोह में खाने को लेकर विवाद, चले लात-घूसे



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में एक शादी समारोह के दौरान हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सूरजपुर निवासी कपिल ने पुलिस को बताया कि वह दादरी से जेवर में अपने दोस्त की शादी में गया था। घुड़चढ़ी के दौरान अनुज और कुछ अन्य युवकों से उनकी बहस हो गई। हालांकि, लोगों ने मामला शांत करा दिया। वापसी में जब कपिल अपने एक दोस्त को दादरी छोड़ने पहुंचे, तब अनुज और उसके साथियों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और कपिल के साथ मारपीट की। पीड़ित को गंभीर चोटें आईं और आरोपी मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि शराब के नशे में आरोपियों ने यह वारदात की। पुलिस ने बताया कि जल्द ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# टीआरएम में मॉक ड्रिल का प्रशिक्षण दिया



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** टीआरएम पब्लिक स्कूल पोक्सो एक्ट के तहत आत्म सुरक्षा व आपातकाल के लिए मॉक ड्रिल का प्रशिक्षण दिया गया। तुलसीराम महेश्वरी (टीआरएम) विद्यालय में पोक्सो एक्ट की अध्यक्ष श्रीमती अंजू शर्मा ने पोक्सो एक्ट अभियान के तहत सभी छात्र-छात्राओं को प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के तहत गुड टच और बैड टच की जानकारी दी। जिसके लिए छात्र-छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, प्रतियोगिताएं आयोजित की। इसके साथ ही विद्यालय में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें कोर्डिनेटर देवेंद्र चैधरी ने युद्ध के दौरान आपातकाल की स्थिति से बचने के तरीके बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को घर के अंदर रहने, लाइट बंद रखने व सत्यापित जानकारी सांझा न करने की सलाह दी। प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने विद्यार्थियों को आत्म सुरक्षा और इन संवेदनशील परिस्थितियों में बचाव के तरीकों से जागरूक किया।

# अमेरिका की तारीफ करते नहीं थक रहे शरीफ 'बड़बोले' ट्रंप को दिन-रात शुक्रिया बोल रहे हैं शहबाज



**इस्लामाबाद।** सीमा पर संघर्ष विराम के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाद शरीफ ट्रंप की तारीफों के पुल बांधने में जुटे हुए हैं। शहबाज शरीफ ने एक्स पर लिखा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप के अग्रणी नेतृत्व और वैश्विक शांति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा दक्षिण एशिया में स्थायी शांति लाने में बड़ी भूमिका निभाने के उनके सबसे मूल्यवान प्रस्ताव के लिए उनका बहुत आभारी हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को हुए संघर्ष विराम का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं।

बड़बोले ट्रंप की ओर से किए जा रहे ट्वीट पर पाकिस्तान तारीफ करते नहीं थक रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय एक्स पर पोस्ट पर अमेरिका का आभार जता रहे हैं। बता दें कि ट्रंप ने रविवार सुबह कहा कि वे भारत और पाकिस्तान के साथ मिलकर कश्मीर के मुद्दे का हजार साल बाद हल निकालने की कोशिश करेंगे। जिसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाद शरीफ ट्रंप की तारीफों के पुल बांधने में जुटे हुए हैं। शहबाज शरीफ ने एक्स पर लिखा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप के अग्रणी नेतृत्व और वैश्विक शांति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा दक्षिण एशिया में स्थायी शांति लाने में बड़ी भूमिका निभाने के उनके सबसे मूल्यवान प्रस्ताव के लिए उनका बहुत आभारी हूं। दशकों से पाकिस्तान और अमेरिका ऐसे साझेदार रहे हैं जिन्होंने हमारे आपसी हितों की रक्षा और संवर्धन के साथ-साथ दुनिया के महत्वपूर्ण हिस्सों में शांति और सुरक्षा के लिए मिलकर काम किया है। मुझे विश्वास है कि राष्ट्रपति ट्रंप के तौर पर पाकिस्तान को एक बेहतरीन साझेदार मिला है जो हमारी रणनीतिक साझेदारी को फिर से जीवंत कर सकता है और न केवल व्यापार और निवेश में बल्कि सहयोग के अन्य सभी क्षेत्रों में पाकिस्तान-अमेरिका संबंधों को मजबूत कर सकता है।

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने आगे लिखा कि हम राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा जम्मू और कश्मीर विवाद के समाधान के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों का समर्थन करने की इच्छा व्यक्त करने की भी सराहना करते हैं। यह एक ऐसा दीर्घकालिक मुद्दा है जिसका असर दक्षिण एशिया और उससे आगे की शांति और सुरक्षा पर पड़ता है। पाकिस्तान इस बात की पुष्टि करता है कि पाकिस्तान भी चाहता है कि जम्मू-कश्मीर विवाद का कोई भी समाधान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के मुताबिक होना चाहिए। इसमें कश्मीरी लोगों के मौलिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए, जिसमें आत्मनिर्णय का उनका अविभाज्य अधिकार भी शामिल है। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में आगे कहा गया है, पाकिस्तान क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने के प्रयासों में संयुक्त राज्य अमेरिका और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। हम संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अपनी बहुमुखी साझेदारी को और अधिक गहरा बनाने की आशा करते हैं।

### कूटनीतिक जीतः आतंकवाद पर खींची स्थायी रेखा, अपने उद्देश्य में भारत सफल... पाकिस्तान की फजीहत

वहीं दूसरी ओर से डोनाल्ड ट्रंप के ट्वीट के बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट लिखकर कहा, पाकिस्तान दोनों देशों के संबंधों के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वक्तव्य का स्वागत करता है। हम पाकिस्तान और भारत के बीच हाल ही में हुए युद्धविराम समझौते का समर्थन करने में अन्य मित्र देशों के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा निभाई गई रचनात्मक भूमिका की सराहना करते हैं; यह तनाव कम करने और क्षेत्रीय स्थिरता की दिशा में एक कदम है।

### पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बिगड़े और दो दशक बाद चरम पर पहुंच गए। वहीं पाकिस्तान की तरफ से भारत के शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद, भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने सभी को नाकाम करते हुए उसका माकूल जवाब दिया। भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 14 सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिए। इससे घबराए पाकिस्तान ने भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया।

# रूस की सीधी बातचीत की पेशकश का जेलेंस्की ने किया स्वागत, कहा- शांति वार्ता से पहले हो युद्धविराम

**कीव।** यूक्रेन ने रूस की सीधे बातचीत की पेशकश को सकारात्मक बताया, लेकिन जोर देकर कहा कि इससे पहले पूर्ण युद्धविराम जरूरी है। इस बीच, रूस ने ड्रोन हमले फिर से शुरू कर दिए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को रूस की ओर से सीधी शांति वार्ता की पेशकश का स्वागत किया। हालांकि, जेलेंस्की ने जोर देकर कहा कि बातचीत शुरू होने से पहले एक पूर्ण स्थायी युद्धविराम जरूरी है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का बिना युद्ध विराम के वार्ता करने की पेशकश एक सकारात्मक संदेश है। पूरी दुनिया लंबे समय से इसका इंतजार कर रही थी। हालांकि, उसने यह भी कहा कि किसी भी युद्ध को वास्तव में खत्म करने का पहला कदम युद्धविराम ही होता है। इस बीच, रूस ने रविवार सुबह यूक्रेन पर बड़े पैमान पर ड्रोन हमले फिर शुरू कर दिए, क्योंकि उसकी ओर से घोषित 3-4 दिन का विराम समाप्त हो गया।



### खून-खराबा ठीक नहीं, युद्धविराम जरूरीः जेलेंस्की

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अपना प्रस्ताव दोहराया कि सोमवार से बिना शर्त 30 दिनों का युद्धविराम शुरू किया जाए। उन्होंने कहा, एक भी दिन के लिए और खून-खराबा जारी रखना ठीक नहीं है। हम उम्मीद करते हैं कि रूस 12 मई से एक पूर्ण, स्थायी और विश्वसनीय युद्धविराम की पुष्टि करेगा और यूक्रेन बातचीत के लिए तैयार है।

### पुतिन ने की सीधी वार्ता की पेशकश

वहीं दूसरी ओर, पुतिन ने मीडिया से बातचीत में युद्धविराम के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया और इसके बजाय गुरुवार को इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ बिना किसी शर्त के सीधी वार्ता शुरू करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि वार्ता के दौरान युद्धविराम पर सहमति बन सकती है। पुतिन की ओर से यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में सामने आई है, जब यूरोप के चार प्रमुख देशों के नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर रूस 30 दिन में युद्धविराम को स्वीकार नहीं करता है तो उस पर दबाव बढ़ा जाएगा।

### शांतिपूर्ण समाधान की इच्छा रखते हैं पुतिनः क्रेमलिन

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रविवार को रूसी सरकारी टीवी पर कहा कि पुतिन का प्रस्ताव बहुत गंभीर है और यह दर्शाता है कि वह एक शांतिपूर्ण समाधान की वास्तव में इच्छा रखते हैं। उन्होंने कहा, वार्ता का मकसद इस संघर्ष के मूल कारणों को खत्म करना और साथ ही रूसी संघ के हितों की रक्षा करना है।

### रूस ने छह दिशाओं से दागे ड्रोनः यूक्रेनी वायु सेना

वहीं, यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने छह अलग-अलग दिशाओं से 108 हमलावर ड्रोन और कुछ नकली (सिम्युलेटर) ड्रोन लॉन्च किए। इनमें से 60 ड्रोन मार गिराए गए और 41 नकली ड्रोन यूक्रेन की जवाबी कार्रवाई के कारण अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सके।

## अब कश्मीर का समाधान भी निकल सकता है...

# भारत-पाकिस्तान में सीजफायर के बाद ट्रंप ने किया नया दावा

**वाशिंगटन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान और पीओके में स्थित आतंकियों के 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर तबाह किया था। इस ऑपरेशन को भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम दिया था। भारत की इस कार्रवाई के बाद पाकिस्तान में काफी ज्यादा बौखलाहट थी और फिर पाकिस्तान ने भारत के जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में ड्रोन से हमला करने की कोशिश की थी, जिसे भारतीय डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही नाकाम कर दिया था। पाकिस्तान की इस कायराना हरकत का भारत ने करारा जवाब दिया और पाकिस्तान के चार एयरबेस को निशाना बनाकर उसे तबाह कर दिया। धीरे-धीरे दोनों देशों के बीच तनाव काफी ज्यादा बढ़ता गया और स्थिति काफी ज्यादा नाजुक होती चली गई। उधर पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ती गई और फिर सामने आया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्वीट, जिसमें उन्होंने बताया कि भारत और पाकिस्तान दोनों ही देश तत्काल प्रभाव से सीजफायर के लिए मान गए हैं।



### शनिवार को हुआ सीजफायर का ऐलान हुआ था

शनिवार को दोनों देशों के बीच सीजफायर का एलान हुआ था। हालांकि, इसके कुछ ही घंटों के बाद पाकिस्तान की तरफ से एक बार फिर ड्रोन्स भेजे गए और सीजफायर का उल्लंघन किया गया। लेकिन, कुछ ही समय में स्थिति फिर सामान्य हो गई। दोनों देशों के बीच समझौता कराने के पीछे ट्रंप का काफी बड़ा हाथा माना जा रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बताया था कि उन्होंने और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पूरी रात भारत और पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं से बात की और फिर पीएम मोदी से भी बातचीत की गई, जिसके बाद सीजफायर का समझौता दोनों देशों के बीच हुआ था।

### 'कश्मीर का समाधान निकाला जा सकता है या नहीं'

अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 11 मई की सुबह एक और पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने भारत और पाकिस्तान दोनों देशों की सराहना की है। उन्होंने लिखा, मुझे भारत और पाकिस्तान के मजबूत और अडिग नेतृत्व पर बहुत गर्व है। ट्रंप ने पोस्ट किया, मुझे गर्व है कि अमेरिका आपको इस ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण निर्णय पर पहुंचने में मदद करने में सक्षम था। हालांकि इस पर चर्चा भी नहीं हुई है, लेकिन मैं इन दोनों महान देशों के साथ व्यापार को काफी हद तक बढ़ाने जा रहा हूं।

उन्होंने कहा, इसके अलावा, मैं आप दोनों के साथ मिलकर यह देखने के लिए काम करूंगा कि क्या इतने सालों के बाद कश्मीर के संबंध में कोई समाधान निकाला जा सकता है। 'भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ बढ़ाएंगे व्यापार' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार देर रात ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि वह भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ व्यापार बढ़ाएंगे।

# भारत की मार के बाद पाकिस्तान के ठिकाने आए होश ख्वाजा आसिफ ने कश्मीर मुद्दा सुलझाने की जताई इच्छा

**इस्लामाबाद।** भारत से टकराने के बाद पाकिस्तान के होश ठिकाने आ गए है और अब वो सभी मुद्दे सुलझाने की बात कर रहा है। बता दें कि, सीजफायर के बाद बातचीत करते हुए पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि सिंधु जल संधि, आतंकवाद और कश्मीर से जुड़े पर भारत से प्रमुख मुद्दों पर संभावित वार्ता में चर्चा की जा सकती है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने द्विपक्षीय संबंधों में संभावित नरमी का संकेत देते हुए कहा कि कश्मीर, आतंकवाद और सिंधु जल संधि जैसे प्रमुख मुद्दों पर भारत के साथ भविष्य की किसी भी वार्ता में चर्चा की जा सकती है। आसिफ की यह टिप्पणी तब आई जब उनसे भारत के साथ भूमि, वायु और समुद्र पर सभी गोलीबारी और सैन्य कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए संघर्ष विराम समझौते के बाद लंबित मुद्दों से निपटने के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा कि अगर संघर्ष विराम शांति की ओर बढ़ने में मदद करता है, तो यह एक स्वागत योग्य कदम होगा। उन्होंने कहा कि अभी कुछ भी कहना निश्चित रूप से जल्दबाजी होगी। पाकिस्ता ने चीन, तुर्की, अजरबैजान का जताया आभार उन्होंने संकट के दौरान



पाकिस्तान को चीन, तुर्की, अजरबैजान और खाड़ी देशों सहित सहयोगियों से मिले कूटनीतिक समर्थन की भी सराहना की। भारत और पाकिस्तान दोनों ने शनिवार को भूमि, वायु और समुद्र में सभी शत्रुतापूर्ण गतिविधियों पर तत्काल युद्ध विराम की घोषणा की। हालांकि, शनिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम समझौते पर पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद, जम्मू और कश्मीर में ड्रोन देखे जाने और हमलों ने हलचल मचा दी। जिससे हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए भारतीय सुरक्षा बलों की तरफ से कार्रवाई गईं।

### 'दक्षिण एशिया के लिए महत्वपूर्ण है शांति'

वहीं एक स्थानीय चैनल ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के हवाले से कहा, 'ये तीन प्रमुख मुद्दे हैं जिन पर चर्चा की जा सकती है।' पाकिस्तान ने इस कदम को औपचारिक 'युद्ध विराम समझौता' बताया, जबकि भारत ने इसे अधिक सावधानी से 'समझौता' बताया। यह समझौता चार दिनों तक सीमा पार ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद हुआ, जिससे दोनों देश पूर्ण पैमाने पर युद्ध के कगार पर पहुंच गए। कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तानी मंत्री ने कहा, 'समय बीतने के साथ शांति के अवसर उत्पन्न हो सकते हैं।' मंत्री ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि भारत और विशेष रूप से इसका नेतृत्व एक दिन पार्टी हितों पर क्षेत्र के भविष्य को प्राथमिकता देगा।' उन्होंने कहा कि समानता पर आधारित शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व दक्षिण एशिया के लिए महत्वपूर्ण है।

## बीएलए ने ली बलूचिस्तान में 39 हमलों की जिम्मेदारी, कुछ पुलिस थानों पर कब्जा करने का दावा

क्वेटा। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के प्रवक्ता जीयंद बलूच का कहना है कि समूह ने बलूचिस्तान में 39 अलग-अलग जगहों पर समन्वित हमले किए हैं। बीएलए ने पुलिस स्टेशनों, सैन्य काफिलों और प्रमुख राजमार्गों के साथ बुनियादी ढांचे समेत कई अन्य जगहों को निशाना बनाया है। उन्होंने दावा किया कि बीएलए ने कुछ पुलिस स्टेशनों पर कब्जा कर लिया है।

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान में 39 अलग-अलग जगहों पर समन्वित हमले करने की जिम्मेदारी ली है। बीएलए ने दावा किया है कि उन्होंने कुछ पुलिस स्टेशनों पर कब्जा कर लिया है और क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर नाकाबंदी कर दी है। बीएलए ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि ये अभियान अभी भी जारी है। उनके कुछ खास मकसद हैं, जिन्हें वे हासिल करना चाहते हैं।

बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बताया कि जिन 39 जगहों पर समन्वित हमले किए गए हैं, उनमें पुलिस स्टेशन, सैन्य काफिले और प्रमुख राजमार्गों के साथ बुनियादी ढांचे समेत कई अन्य जगह शामिल हैं। बलूच ने कहा कि बीएलए ने कुछ पुलिस स्टेशनों पर कब्जा कर लिया है और क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर नाकाबंदी की गई है। उन्होंने कहा कि हमलों के बारे में जल्द ही मीडिया को अधिक जानकारी दी जाएगी।

बलूचिस्तान में लंबे समय से चल रहे अलगाववादी आंदोलन दरअसल, बलूचिस्तान में लंबे समय से आजादी की मांग करने वाले अलगाववादी आंदोलन चल रहे हैं। कई वर्षों से चल रहे संघर्ष के कारण यहां बहुत से लोग मारे गए हैं। इसके अलावा, इन संघर्षों के चलते बहुत लोग विस्थापित भी हुए हैं। स्वायत्तता और स्थानीय संसाधनों पर नियंत्रण के लिए बीएलए की हालिया गतिविधियां इस संघर्ष में तनाव को और बढ़ा रही हैं। बलूच लोगों की आजादी चाहता है बीएलए दरअसल, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थित एक हथियारबंद अलगाववादी समूह है, जो बलूच लोगों के लिए आजादी चाहता है। बीएलए का आरोप है कि पाकिस्तान सरकार बलूच लोगों के साथ अन्याय कर रही है। उनके राजनीतिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।

## खत्म होगी हसीना की अवामी लीग की मान्यता?

# चुनाव आयोग को अंतरिम सरकार की औपचारिक अधिसूचना का इंतजार

**ढाका।** बांग्लादेश चुनाव आयोग अवामी लीग की मान्यता रद्द करने के लिए सरकारी अधिसूचना का इंतजार कर रहा है। इससे पहले, मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया है। बांग्लादेश के चुनाव आयोग (ईसी) ने रविवार को कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के पंजीकरण को रद्द करने पर फैसला लेने से पहले सरकार की अधिसूचना का इंतजार कर रहा रहा है। यह कदम तब उठाया जा रहा है, जब मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ए.एम.एम. नासिर उद्दीन ने पत्रकारों से कहा, अगर सरकारी अधिसूचना सोमवार को प्रकाशित होती है, तो हम बैठक कर अवामी लीग की मान्यता के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। बांग्लादेश के कानून के अनुसार, अगर चुनाव आयोग अवामी लीग का पंजीकरण रद्द कर दिया जाता है, तो यह पार्टी आगामी आम चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाएगी। अगले आम चुनाव दिसंबर 2025 से जून 2026 के बीच होने की संभावना है। अंतरिम सरकार की कैबिनेट (सलाहकार परिषद) ने शनिवार रात आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा। इनमें ऑनलाइन गतिविधियां भी शामिल हैं। यूनुस के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना अगले कार्यदिवस (सोमवार) को जारी की जाएगी। बयान में कहा गया, यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा, जब तक बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) में अवामी लीग और उसके नेताओं पर मुकदमा पूरा नहीं हो जाता। बयान में इसका मकसद देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा बताया गया है। इसमें आगे कहा गया, यह फैसला जुलाई 2024 के उस विद्रोह के नेताओं, कार्यकताओं, शिकायतकताओं और गवाहों की सुरक्षा के लिए भी



लिया गया, जिसके चलते हसीना सरकार को हटाया गया था। यूनुस की अध्यक्षता में हुई बैठक में आईसीटी कानून में संशोधन भी किया गया, जिससे अब यह न्यायाधिकरण किसी भी राजनीतिक पार्टी, उसकी सहयोगी संस्थाओं और मोर्चा संगठनों पर मुकदमा चला सकता है। शेख हसीना की 16 वर्षों तक चली अवामी लीग सरकार को 5 अगस्त, 2024 को एक छात्र-आंदोलन के कारण सत्ता से हटा दिया गया था। इसके बाद हसीना भागकर भारत आ गईं। इसके तीन दिन बाद मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार के रूप में जिम्मेदारी संभाली। तब से हसीना और उनकी पार्टी के कई नेता सामूहिक हत्या और भ्रष्टाचार जैसे सैकड़ों मामलों का सामना कर रहे हैं। पार्टी के ज्यादातर नेता या तो गिरफ्तार हो चुके हैं या विदेश भाग गए हैं। 1949 में बनी अवामी लीग ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में दशकों तक बंगालियों के अधिकारों के लिए आंदोलन किया और 1971 के मुक्ति संग्राम का नेतृत्व किया। यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने रविवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि लोकतांत्रिक दुनिया शायद इस बेशर्म, हत्यारी, लोकतंत्र विरोधी और भ्रष्ट पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का विरोध नहीं करेगी।

# अमेरिका-चीन टैरिफ वार्ता में दिखी प्रगति, बाजार को राहत की आस

**जिनेवा।** अमेरिका-चीन के बीच टैरिफ विवाद पर जेनेवा में शनिवार को 10 घंटे चली अहम बातचीत के अब रविवार को फिर से वार्ता होगी। ट्रंप ने इस वार्ता को बेहद सफल बताया। अधिकारियों की माने तो दोनों पक्षों ने इस वार्ता में व्यापार संबंध सुधारने पर चर्चा की। अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ विवाद को लेकर हो रही गंभीर बातचीत शनिवार को 10 घंटे तक चली। साथ ही अब ये वार्ता रविवार को एक बार फिर शुरू होगी। अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी नाम नहीं बतना के शर्त पर यह जानकारी दी। शनिवार को बैठक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि चीन के साथ आज की बैठक बहुत अच्छी रही। कई मुद्दों पर बातचीत हुई और कई बातों पर सहमति बनी। हमने एक नए तरीके से, दोस्ताना माहौल में व्यापार संबंधों को रीसेट किया है।

बता दें कि इस बैठक में अमेरिका की ओर से ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट और यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जैमिसन ग्रीयर शामिल हुए, जबकि चीन का प्रतिनिधित्व वाइस प्रीमियर हे लिफेंग ने किया। ये बातचीत 18वीं सदी की एक ऐतिहासिक इमारत जेनेवा में स्विस यूएन राजदूत के निवास विला सलादिन में हुई।



### बैठक के बाद भी बड़ी कामयाबी की उम्मीद कम

हालांकि किसी बड़ी सफलता की संभावना कम है, लेकिन यह उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों देश एक-दूसरे पर लगाए गए भारी टैक्स यानी टैरिफ को कम कर सकते हैं। इससे वैश्विक बाजारों को राहत मिल सकती है। बता दें कि टैरिफ को लेकर विविदा बढ़ने के बाद पिछले महीने ट्रंप ने चीन से आने वाले सामानों पर कुल 145% तक टैक्स बढ़ा दिया था, जिसके जवाब में चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर 125% तक टैक्स लगा दिया।

### विवाद बढ़ा तो टैरिफ कम करने पर ट्रंप सहमत

वहीं दूसरी ओर बीते शुक्रवार को ट्रंप ने इशारा दिया था कि अमेरिका चीन पर लगे टैरिफ में कमी कर सकता है। हालांकि उन्होंने यह भी लिखा कि 80% टैक्स सही रहेगा। मामले में विशेषज्ञों के अनुसार, यह पहली बार है जब हे लिफेंग और स्कॉट बेसेंट आमने-सामने बातचीत कर रहे हैं। वॉशिंगटन स्थित स्टिमसन सेंटर की विशेषज्ञ सुन युन ने कहा कि इस बैठक से किसी बड़ी उपलब्धि की उम्मीद नहीं है, लेकिन अगर दोनों देश टैरिफ में थोड़ी भी नरमी दिखाते हैं, तो यह एक सकारात्मक संकेत होगा।

### ट्रंप और उनकी टैरिफ नीति

गौरतलब है कि ट्रंप ने राष्ट्रपति पद पर लौटने के बाद एक बार फिर टैरिफ को अपनी आर्थिक नीति का प्रमुख हथियार बना लिया है। उन्होंने लगभग हर देश से आने वाले सामानों पर 10% टैक्स लगाया है। लेकिन चीन के साथ उनका टकराव सबसे ज्यादा तीखा रहा है। चीन पर लगाए गए टैरिफ का एक हिस्सा फेंटानिल नामक मादक पदार्थ को अमेरिका लाने से रोकने के लिए लगाया गया है, जबकि बाकी पुराने व्यापार विवादों से जुड़े हैं, जिनमें तकनीकी चोरी और सब्सिडी जैसे मुद्दे शामिल हैं।

# सपा के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन की अध्यक्षता में मासिक बैठक संपन्न



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन की अध्यक्षता में मासिक बैठक 4, आर.डी.सी राज नगर समाजवादी पार्टी कार्यालय गाजियाबाद पर संपन्न हुई। बैठक में बरिष्ठ नेतागण, जिला कार्यकारिणी, महानगर कार्यकारिणी विधानसभा अध्यक्ष, फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने कार्यकताओं को पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों द्वारा कायरतापूर्ण कृत्य करते हुए 28 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। बैठक में शहीद पर्यटकों श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सपा जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष ने कहा कि देश और उत्तर प्रदेश की राजनीति नाजुक दौर से गुजर रही है। किसान, नौजवान, व्यापारी, बेरोजगार सभी त्रस्त हैं। मंहगाई लगातार बढ़ रही है और थाना, तहसील, अस्पतालों में गरीबों की सुनवाई नहीं हो रही है, भाजपा के पोषित सामंतवादी विचारधारा के लोगों द्वारा पी.डी.ए समाज का निरंतर उत्पीड़न, शोषण और अत्याचार किया जा रहा है।

मासिक बैठक का संचालन जिला महासचिव नितिन त्यागी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर महामंत्री राजन कश्यप, राष्ट्रीय सचिव राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर भुवन भास्कर जोशी, सदर विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी विशाल वर्मा, महिला सभा की प्रदेश महासचिव मधु चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष राज देवी चौधरी सहित कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद महिला कांग्रेस ने वीर सैनिकों को समर्थन देने के लिए निकाली जय हिंद यात्रा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निर्दोष भारतीयों की मौत का बदला लेने के लिए सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद और आतंकवादियों की कमर तोड़ दी है। आज पूरा देश सेना के साथ खड़ा है और इसी पराक्रम में गाजियाबाद महिला कांग्रेस द्वारा अपने वीर सैनिकों को समर्थन देने के लिए जय हिंद यात्रा निकाली। राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष भारतीय त्यागी के आदेश अनुसार गाजियाबाद महिला अध्यक्ष सोनल नगर के नेतृत्व में जय हिंद यात्रा निकाली गई। इस मौके पर महिला जिला उपाध्यक्ष कशिश गुर्जर, अंकुर, वर्षा, रीना, प्रीती, शांति, कुसुम तथा दर्जनों महिलाएं शामिल हुई।

# पार्षद यशपाल पहलवान ने किया सड़क का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को वार्ड 20 के पार्षद यशपाल पहलवान ने राजीव कॉलोनी में गली नंबर 15 का सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस मौके पर बूथ अध्यक्ष चंदरपाल कसाना, पूर्व पार्षद विनोद, डॉ कमल, अमित, जय, भोला, शादाब मौजूद रहे। इस मौके पर पार्षद यशपाल पहलवान वार्डवासियों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। पार्षद मौके पर मौजूद ठेकेदार को कहा कि निर्माण कार्य में लगने वाली सामग्री की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। आश्वासन दिया कि आने वाले समय में वार्ड 20 का कायाकल्प होगा।

# शराब पीते समय दोस्तों में विवाद, नोएडा में एक ने दूसरे को मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में एक युवक ने अपने दोस्त को गोली मार दी। घटना देर शाम की है, जब दोनों दोस्त साथ बैठकर शराब पी रहे थे। ऑटो चालक फारुख और कबड्डी खिलाड़ी उस्मान दोनों सूरजपुर कस्बे के रहने वाले हैं। शराब पीते समय दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में आकर उस्मान ने अपनी अवैध पिस्टल निकाली और फारुख पर गोली चला दी। गोली लगने से घायल फारुख को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है। घटना के बाद आरोपी उस्मान मौके से फरार हो गया था। सूरजपुर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी उस्मान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से अवैध पिस्टल भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार, दोनों पहले से एक-दूसरे को जानते थे।



# बंधा रोड को नूरनगर से जोड़ने वाली सड़क निर्माण का कार्य जल्द होगा शुरू : जीडीए

## किसानों से वर्तमान सर्कल रेट के दोगुने पर भूमि का कराया जायेगा बैनामा व सड़क निर्माण की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जायेगी- अतुल वत्स

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा राजनगर एक्सटेंशन में बंधा रोड से नूरनगर को जोड़ने वाली नई सड़क के निर्माण के लिए जमीनी कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। 9 मई 2025 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया कि किसानों से भूमि का क्रय वर्तमान सर्किल रेट के दोगुने मूल्य पर आपसी सहमति से किया जाएगा। जिसके लिए पूर्व मे किसानो द्वारा सहमति दी गयी है। यह पहला गाँव है जहाँ पर 100 प्रतिशत किसानो ने सड़क निर्माण के लिए अपनी सहमति दी है।



उपाध्यक्ष जीडीए द्वारा सड़क निर्माण को लेकर औपचारिक स्वीकृति दे दी गई है और टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। अब अनुबंध की कार्यवाही शीघ्र पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। साथ ही सड़क निर्माण के लिए किसानों से सहमति आधारित बैनामा अब शुरू कराया जाएगा। यह सड़क 18 मीटर चौडाई मे लगभग 750 मीटर लंबी तथा 24 मीटर चौडाई मे 350 मीटर लंबी है। भूमि क्रय मे लगभग 32 करोड़ रुपये प्राधिकरण द्वारा खर्च किया जायेगा।



प्रतीकात्मक चित्र

सड़क निर्माण मे संभावित व्यय 10 करोड़ रुपये है। इससे पहले जीडीए की भू-अर्जन और अभियंत्रण अनुभाग की टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण कर टोटल स्टेशन सर्वे के आधार पर भूमि का चिन्हांकन किया गया। किसानों की मांग पर 18 मीटर और 24 मीटर चौड़ी सड़क के लिए पिलरिंग की प्रक्रिया भी की गई है। सड़क निर्माण से क्षेत्र को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी और मानचित्र स्वीकृति कर क्षेत्र का सुनियोजित विकास भी होगा व राजस्व भी प्राप्त होगा, जिसका उपयोग अन्य सड़को के विकास कार्यों में किया जाएगा जैसे हम तुम रोड, प्रस्तावित कमिशनरेट सड़क और सिकरोड जैसे अन्य मार्गों पर भी निर्माण कार्य कराने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।

# पार्षद नरेश भाटी ने वार्ड 74 में किया विकास कार्यों का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 15 टाइप वन के नाले के किनारे पर बाउंड्री वॉल का लोकार्पण कराया गया। रविवार को वार्ड-74 में पार्षद नरेश भाटी वार्ड के लोगों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर वार्ड में पार्कों के नवीनीकरण और वॉल रिपेयर व पेंटिंग का उद्घाटन किया। इस मौके पर पार्षद नरेश भाटी ने बताया कि जो आज उद्घाटन हुआ है। मकान नंबर 1100/1 से लेकर मकान नंबर 1146 तक की बहुत ही सुंदर दीवार एवं मकान नंबर 1100/1 पर गेट लगवाने का काम कार्य किया गया।

वहीं सेक्टर 9 एकलव्य विहार पार्क में ओपन जिम का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया था। और पार्कों का नवीनीकरण आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों की लंबे समय से इन कामों के प्रति मांगें रही थीं, जिसे मद्देनजर रखते हुए वह नगर निगम नगरायुक्त व महापौर और केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का वार्ड 74 के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि लाखों रुपए का खर्च आएगा, जो नगर निगम से पास करवाकर विकास कार्यों वार्ड में बहुत तेजी से हो रहे है।

इस दीवार के बनने से बहुत सुविधा का अहसास हुआ है अब कोई भी असामाजिक तत्व कॉलोनी में आने से पहले सोचना पड़ेगा इस अवसर पर कालोनी के सभी सम्मानित आर डब्ल्यूए अध्यक्ष कपिल



शर्मा, सुखपाल सिंह, अशोक कुमार, मुकेश अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश कौशिक, रमेश, कुलवंत सिंह राणा, आनंद निमेष, उमेश फुलेरा, सुमन डोबरियाल, बी. एस. रावत, कालीचरण, आनंद चौहान, हेमंत गोस्वामी, संजय श्रीवास्तव, विपिन बहुगुणा, ,चमन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# वसुंधरा मंडल कार्यकारिणी गठन के लिए बैठक का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी की वसुंधरा मंडल कार्यकारिणी के गठन को लेकर मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी के आवास पर बैठक आयोजित हुई। बैठक में मण्डल कार्यकारिणी के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। रविवार को भाजपा वसुंधरा मंडल की मंडल समिति गठन के लिए मुख्यरूप से महानगर प्रवासी मंडल गठन समिति गजेंद्र पाल मूवी, समिति के सहसंयोजक बीएल गौतम, मंत्री संजीव झा, पार्षद नरेश भाटी, पार्षद



नीलम भारद्वाज, पार्षद राजकुमार भाटी, आशीष चौधरी, पूर्व पार्षद मंजू त्यागी, महामंत्री कांति त्यागी, महामंत्री अभिषेक पंडित मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी व संचालन मण्डल महामंत्री कांति त्यागी ने किया। बैठक में मंडल की टीम के गठन के विषय में विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि ने कार्यकर्ताओं को बताया कि मंडल की टीम में 6




उपाध्यक्ष 6 मंत्री 2 महामंत्री 1 कोशाध्यक्ष 1 मीडिया व सोशल मीडिया संयोजक बनाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि मंडल की टीम में 33 प्रतिशत महिला व 50 प्रतिशत पिछड़ा व अनुसूचित वर्ग को वरीयता दी जाएगी। इन अवसर पर एसके भारद्वाज, प्रमोद चौधरी, अवधेश चौधरी, सुषमा नगर, अभय सिंह, हिमांशु गिरी, निशांत त्यागी, हरमेल सिंह, सनी चौधरी, लव कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वेदांतम ग्लोबल स्कूल में उत्तराखंडी भाषा कक्षाओं का शुभारंभ

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को इंदिरापुरम के वेदांतम ग्लोबल स्कूल में, उत्तराखण्डी भाषा कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। उत्तराखण्डी लोक-भाषा साहित्य मंच, दिल्ली द्वारा दिल्ली एनसीआर में लगभग 150 भाषा कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। डीपीआईएम के डॉ. विनोद बछेती इसके संरक्षक में जिनके संरक्षण में भाषाओं की यह मुहिम निरंतर



कई वर्षों से लगातार चल रही है। इंदिरापुरम के वेदांतम ग्लोबल स्कूल के ललित त्यागी ने दीप प्रज्वलित कर इस वर्ष की कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर धरोहर से बालादत्त पाण्डेय, आंनद पांडेय, संजय चौहान, संगीता बिष्ट, अनिता भंडारी, लता बवाड़ी गीता राणा आदि मौजूद रहे।

ललित त्यागी ने बच्चों को अपनी - माँ, मातृ भूमि एवं मातृ भाषा से जुड़ने की अनुपम सीख दी, ओर बच्चों से आह्वान किया कि वे अपने मूल को पहचानने की कोशिश करें क्योंकि यही हमारी असल पहचान है।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में मेगा जॉब फेयर 2025 का आयोजन

## 50 से अधिक कंपनियां और 1100 से अधिक छात्रों ने किया प्रतिभाग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर भारत के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में से एक, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाज़ियाबाद ने मेगा जॉब फेयर 2025 का भव्य और सफल आयोजन किया। जॉब फेयर का उद्घाटन मुख्य अतिथि एम. लता गौतम, निदेशक (रोजगार), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर एसडीजीआई के सम्माननीय नेतृत्व कुलाधिपति एवं चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसंजीत कुमार, प्रो-वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईजी), रजिस्ट्रार राजीव रतन एवं सभी निदेशकों ने उनका हार्दिक स्वागत किया। अपने उद्घाटन भाषण में अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट), ने मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उद्योग एवं शिक्षा




के बीच सेतु बनाने वाले ऐसे प्रयासों के लिए निरंतर समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया।



इस वर्ष के मेगा जॉब फेयर में विभिन्न क्षेत्रों की 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और 1100 से अधिक जॉब-आकांक्षी छात्रों ने हिस्सा लिया।

अमित भारद्वाज ने कहा, यह मेगा जॉब फेयर प्रतिभा, अवसर और सहयोग का उत्सव है। विश्वविद्यालय नेतृत्व कुलाधिपति एवं चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसंजीत कुमार, प्रो-वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईजी), रजिस्ट्रार राजीव रतन एवं सभी निदेशकों ने प्रतिभाग करने वाली सभी कंपनियों का आभार व्यक्त किया।

# फर्जी इंश्योरेंस करने वाले दो अरेस्ट, गाजियाबाद के गैंग ने 12 इंश्योरेंस कंपनियों को लगाया चूना

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** फर्जी इंश्योरेंस करने वाले दो लोगों को अरेस्ट किया है। गाजियाबाद के गैंग ने 12 इंश्योरेंस कंपनियों को कई करोड़ रुपये का चूना लगाया है। गाजियाबाद के थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा यह गिरफ्तारी की गई है। आरोपियों से 2 मोबाइल फोन और 84 फर्जी तरह से तैयार की गई इंश्योरेंस पॉलिसी बरामद की गई है। इस गैंग ने गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली में भी कंपनियों को चूना लगाया है। गाजियाबाद पुलिस ने दर्ज किया था मुकदमा गाजियाबाद के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि 8 मार्च को आईसीआईसीआई लॉम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस के वाइस प्रेसीडेंट द्वारा केस दर्ज कराया था। पॉलिसी एजेंट द्वरा कंपनी के इंश्योरेंस एप में छेड़छाड़ कर वाणिज्य वाहनों, निजी कारों, माल वाहक वाहनों को दो पहिया वाहन दिखाकर फर्जी तरह से पालिसी के कागजात तैयार किए। जिसके बाद साइबर थाना पुलिस को जांच के लिए

**फर्जी तरीके से तैयार किए कागजात**



लगाया गया। जांच में आरोप सही पाए गए। आज साइबर थाना पुलिस ने सरताज पुत्र नजीर अहमद निवासी सराय देहलीगेट थाना ब्रहमपुरी मेरठ। दूसरा आरोपी दीपक ठाकर निवासी बाग वाली कालोनी शास्त्रीनगर थाना कविनगर गाजियाबाद को अरेस्ट कर लिया।

## पीएम मोदी की फर्जी फोटो पोस्ट करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**हापुड़।** हापुड़ में एक युवक ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक फर्जी फोटो वायरल की। फोटो में पीएम को अमेरिकी राष्ट्रपति के पैर छूते हुए दिखाया गया था। कोतवाली हापुड़ नगर के मोहल्ला पीरबाउद्दीन का रहने वाला नवेद राईन ने यह फोटो फेसबुक पर शेयर की थी। कोठी गेट चौकी प्रभारी अनीस अहमद को जब इस बारे में पता चला, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। टीम को नवेद मोहल्ला पीरबाउद्दीन स्थित अंबेडकर प्राथमिक स्कूल के पास मिला। उसके मोबाइल की जांच में फर्जी फोटो वायरल करने की पुष्टि हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह के अनुसार, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दुनिया में भगवान का दर्जा सिर्फ मां को प्राप्त है। मां अपने आप में संतान के लिए उसका भगवान होती है। एक मन है जो संतान के लिए जीती है संतान की लंबी आयु की कामना करती है। मदर डे पर प्रखर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नामित भल्ला ने अपने बेटे प्रखर के साथ इस दिन की खुशी को साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।